bulandmediagroup@gmail.com www.bulandmedia.in RNI NO. CHHHIN / 2012 / 40854



7 खेल संबंधी अपडेट..

# बुलंद मीडिया

रायपुर , बिलासपुर ,दुर्ग एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित

संपादक – मनोज पाण्डेय मो. 9754750321



6 मनो रंजन और सूचना के साथ...

वर्ष : 13 अंक : 62 रायपुर सोमवार 6 मई 2024 पृष्ठ : 8 मूल्य : 02/-

## नड्डा बोले- राम वोट का नहीं, आस्था का विषय, आदिवासियों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस

**रायपुर, नगर प्रतिनिधि।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सूरजपुर के हाईस्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम वोट का नहीं, आस्था का विषय है। इसके साथ ही कांग्रेस को कहा कि आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम आरक्षण करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी जी सरकार में आदिवासी, दलित और ओबीसी भाइयों का आरक्षण नहीं काटा जाएगा। सभी का आरक्षण पक्का रखा जाएगा। इसकी हम व्यवस्था करेंगे। नड्डा नेने राहुल गांधी को राम विरोधी और सनातन विरोधी बताया।



### राम को लेकर गांधी परिवार पर नड्डा का हमला

नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में कोर्ट में लिखकर दिया था कि राम काल्पनिक हैं, राम का कोई एतिहासिक आधार नहीं है, राम का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ये उन्होंने कोर्ट में लिखकर दिया था। ये सनातन विरोधी हैं। उदयनिधि स्टालिन बोलता है कि सनातन डेंगू है। ए राजा बोलता है सनातन एसआईवी एडस है और राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी का मुंह चुप, खरगे जी चुप कोई कुछ नहीं बोलता है। ये राष्ट्र विरोधी भी हैं। इनके एक स्क्र डीके सुरेश बोलता है कि साउथ के प्रदेशों को अलग देश बना देना चाहिए। ये देश द्रोही हैं। ऐसे लोगों को घर में बैठाना है। मोदी जी ने आदिवासी भाइयों का बजट तीन गुना बढ़ा दिया है। एकलव्य स्कूल उसका बजट 21 गुना बढ़ा दिया है, ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई करने से छूट न पाए। जंगलों में होने वाले उत्पादों को 90 आइटम की स्स्क में खरीदारी हो रही है। 12 करोड़ में डेढ़ करोड़ आदिवासी भाइयों के घरों में मोदी जी ने शौचालय बनाने का काम किया।

## जनजातीय समुदाय का उत्थान भाजपा में ही संभव : मुख्यमंत्री साय

### कहा- अपने महिला नेताओं का अपमान करने वाली कांग्रेस आज नारी न्याय की बात कर रही

### कोरोना के भयानक दंश को मोदी ने अपनी सूझबूझ से नियंत्रित किया

**रायपुर, नगर सवंददाता।**







कांग्रेस में भारी आंतरिक कलह है। नारी न्याय की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में उनकी ही महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ अन्याय हो रहा है, कांग्रेस नेता द्वारा उनका अपमान किया गया। ऐसे कांग्रेसी छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को क्या न्याय दिला पाएंगे और बात कर रहे हैं नारी न्याय योजना की। भारत जोड़ो की बात करने वाली कांग्रेस आज अपने घर को नहीं जोड़ पा रही है। इसलिए जनता उनके भ्रम में नहीं आएगी, कांग्रेस को फिर से सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बेमेतरा के नवागढ़, मनेन्द्रगढ़ के खड़गंवा, धरसींवा के सारागांव और रायपुर के गुढ़ियारी में जनसभा को सम्बोधित किया। वहीं नवागढ़ में श्री साय ने कहा कि लगातार दो वर्षों तक भारत ने कोरोना का भयानक दंश देखा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सूझबूझ से 140 करोड़ देशवासियों को देश में निर्मित टीका मुफ्त में लगाया गया। टीके का दो से तीन डोज मुफ्त में देने का काम पीएम मोदी ने किया। कोरोना वैक्सीन का निर्माण भारत में हुआ। जो लोग वैक्सीन पर प्रश्न लगा रहे हैं, दरअसल वो आम जनता को चुनावी फायदे के लिए भयाक्रांत कर रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है। कोरोनाकाल में ही देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में 5 किलो अनाज देने की शुरुआत मोदी जी ने की। यह योजना 2028 तक चलेगी। इसके अलावा एक रुपया किलो चावल भी मिलता रहेगा, यह भी बंद नहीं होगा। श्री सीएम साय ने कहा आज मोदी की वजह से देशवासी सुरक्षित हैं और ये सब उनके कुशल नेतृत्व में ही संभव है।

**कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया :** मनेन्द्रगढ़ के खड़गंवा में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आज एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है।

सीएम साय ने कहा कि 5 साल छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा किया, कांग्रेस ने अपनी जेब भरी। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से 36 वादे किए, जिनमें एक भी पूरा नहीं किया। 5 साल जनता के साथ धोखाधड़ी की। खनिज संसाधनों से भरपूर हमारे प्रदेश को चारागाह बनाकर भ्रष्टाचार किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला आज पूरे देश में चर्चित है केवल कांग्रेस के कारण। इनके कार्यकाल में शराब दुकानों दो काउंटर होते थे एक का पैसा सिंडिकेट माफिआओं और और दूसरे काउंटर का पैसा दिल्ली में राहुल और सोनिया गांधी तक जाता था। इसी तरह रेत में घोटाला, नगरीय निकायों की जमीनों को अवैध ढंग से बेचा जाना और न जाने कितने ही ऐसे घोटाले जिसमें कांग्रेस ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसलिए जनता ने विधानसभा चुनाव में इन्हें आइना दिखाया, अब लोकसभा की बारी है।

श्री साय ने कहा कि सरोज पांडेय महापौर, विधायक, सांसद, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पार्टी की केंद्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद जैसे बड़े-बड़े पदों पर रहीं। एक बार में महापौर-विधायक-सांसद बनने का रिकॉर्ड भी उनके ही नाम है। ऐसी प्रखर वक्ता और योग्य नेत्री को आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाना है, दिल्ली भेजना है। जैसे छत्तीसगढ़ में जनहित का सब काम सांय-सांय हो रहा है, वैसे ही कोरबा लोकसभा के विकास का काम सांय-सांय होगा।

देर शाम धरसींवा के सारागांव पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी की 10 साल की सरकार में कुल 4 करोड़ पीएम आवास बने। आगामी 5 वर्षों में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाने की घोषणा हमारे प्रधानमंत्री जी ने कर दी है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। मोदी की कार्ययोजनाओं में देश और गरीबों के विकास के लिए अभी बहुत कुछ है। भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। श्री साय ने भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए कहा कि आठ बार के विधायक, राजनीती के अपराजेय योद्धा, जनप्रिय नेता को सांसद बनाना है, ये आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगने आया हूँ। उन्होंने बृजमोहन अग्रवाल को आमजन के सुख-दुःख का साथी बताया और उनके सांसद बनने से रायपुर लोकसभा का सांय-सांय विकास होने की बात कही। श्री साय ने कहा कि 100 दिनों में हमारी सरकार में इतना काम हुआ है जितना कांग्रेस 5 साल में नहीं कर पाई। कांग्रेस ने गरीबों को बेघर करने का काम किया हमने 18 लाख गरीब परिवारों को आवास की स्वीकृति दी अप्रैल माह से सबके घर बनने शुरू हो जाएंगे। पीएससी परीक्षा में युवाओं के साथ कितना बड़ा धोखा हुआ यह किसी से नहीं छुपा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि सरकार बनते ही हम पीएससी परीक्षा की सीबीआई जांच कराएंगे। हमने वह वादा पूरा किया और आज पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच कर रही है, दोषी जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

**पूर्व कांग्रेस विधायक खेम सिंह बारमते भाजपा में शामिल :** पूर्व कांग्रेस विधायक खेम सिंह बारमते ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। श्री साय ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश में हम साथ में विधायक रहे। वे बड़े ही तेजतर्रार विधायक रहे हैं। अपने क्षेत्र को समस्याओं को बड़ी मजबूती के साथ विधानसभा में उठाते थे। उनका भाजपा परिवार में स्वागत है। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जैन, नगर पंचायत मारो के उपाध्यक्ष माधव राणा ठाकुर, जनपद सदस्य राजेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती साहू सहित अनेक पार्षदों, जनपद सदस्य, सरपंचों व आमजनों ने भाजपा प्रवेश किया।

## साप्ताहिक बाज़ार में आए दिन जाम की स्थिति



**रायपुर, नगर सवंददाता।**

नगर पंचायत एवँ पुलीस थाना की लापरवाही के चलते साप्ताहिक बाज़ार में आये दिन जाम की स्थिति।

नगर में शानिवार को साप्ताहिक बाजार लगने के करण आसपास के ग्रामीणों का बाजार मे बेतहाशा भीड़ रहती है जिसमें बस स्टेंड से लेकर बजरंग चौक तक जाम की स्थिति निर्मित रहती है यह मार्ग में बस ट्रक पीकअप के चलते पूरा जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है ।लोगों के द्वारा अपने दोपहिया वाहनों को पार्किंग की व्यवस्था नही होने के कारण व्यापरिक संस्थानो के सामने अव्यवस्था के चलते खडे करके छोड़कर चले जाते है । बस स्टैंड पास मे होने कारण आये दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। उक्त मार्ग पर ही एक राइस मिल संचालित होती है जिससे आये दिन ट्रकों का आना जाना रहता हैं जो जाम की स्थिति निर्मित करती है । नगर के व्यापरिक संस्थानों के व्यापारी ने नगर पंचायत एवं पुलिस थाना की लापरवाही का हवाला देते कहा कि शानिवार को बजरंग चौक से किसी भी भारी वाहनो का प्रवेश नही होने देना चाहिए जिससे जाम की स्थिति निर्मित न हो।

## खजुराहो, शाजापुर-नौगांव में पारा 42 डिग्री पार, भोपाल पहली बार इतना तपा

**रायपुर।** मध्य प्रदेश में गर्मी का असर तेज हो गया है। शनिवार को पूरा प्रदेश सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। लगभग सभी शहरों में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पचमढ़ी को छोड़ दें तो बाकी शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। खजुराहो, शाजापुर और नौगांव सबसे ज्यादा तपे, जबकि भोपाल सीजन का सबसे गर्म रहा। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर भी सीजन के सबसे गर्म रहे। खजुराहो में 42.2 डिग्री, नौगांव और शाजापुर में तापमान 42.1 डिग्री दर्ज किया गया। खरगोन, टीकमगढ़, रतलाम, रायसेन, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, मलाजखंड, दमोह, खंडवा, सागर और सतना में टेम्प्रेचर 41 डिग्री या इससे अधिक रहा।

## बृजमोहन के रोड शो में बड़ी तादाद में शामिल हुए

**रायपुर, नगर सवंददाता।**




लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर शहर व क्षेत्र मे राजनीतिक माहौल पुरी तरह चरम सीमा पर पहुंचकर गरम हो गया है। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने नगर मे रोड शो करते हुये जनता से आर्शीवाद मांगा इस दौरान उनका जगह जगह स्वागत सत्कार विभिन्न समाज एवं लोगों द्वारा किया गया। भाजपा नेता मनेन्द्र सिंग गुम्बर निवास के पास उनके काफिले का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान खुले वाहन मे बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा का लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

स्वागत करने वालो मे बलवंत सलूजा, भागसिंग सलूजा, हरभगवान गुंबर, मन महेन्द्रर चांवला, अमरजीत सलूजा, सुशील सेठी, मनी छाबड़ा व गुरूमीत गुंबर सहित अन्य लोग उपस्थित थे वहीं आश्रय लाज के पास बनाये गये मंच के द्वारा बृजमोहन का जानदार स्वागत आतिशबाजी के बीच किया गया। इस दौरान यहां पर आनंद अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, मदन अग्रवाल सहित बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं जय हिन्द होटल चौक के पास अरूण शर्मा व अन्य लोगों ने स्वागत किया। रोड शो के दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने लोगों से भाजपा को वोट देकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी मर्तबा प्रधानमंत्री बनने के लिये लोगों से सहयोग का आग्रह किया। रोड शो बस स्टैड चौक से सती मंदिर होटल रायल इन पंचायती मंदिर गोविंद चौक रामसप्ताह चौक जय स्तंभ चौक फौव्वारा चौक, आजाद चौक, शहर थाना होकर रेल्वे अंडरब्रिज सुहेला तिराहा माता देवालय शीतला मंदिर होकर आरके मिल खोखली रोड के पास जाकर समाप्त हुई इस दौरान वहां पर उपस्थित लोगों को बृजमोहन अग्रवाल शिवरतन शर्मा, रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक राजेश मूणत सहित पूर्व विधायक रंजना साहू, पिंकी, लच्छूराम कश्यप सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम मे अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, सुनील यदू, योगेश अनंत, राजू पटेल, भोला पटेल, मोन्टू ध्रुव, दिलीप यादव, अविनाश शर्मा, आशीष जायसवाल, सतीश सोनी, सुरेन्द्र डागोर, सतीश साहू, पीयूष साहू व अनिल चेलक सहित बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इटावा में कहा- 5 साल पहले शहजादे ने भी जनऊ पहना, लेकिन इस बार मंदिर दर्शन बंद

## चायवाले ने शाही परिवार की कुप्रथा तोड़ी

**इटावा/ सीतापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इटावा में रैली को संबोधित किया। पीएम ने मंच से मुलायम सिंह को याद किया। साथ ही शिवपाल यादव की चुटकी भी ली। पीएम ने कहा- 2019 के चुनाव के पहले की बात है, जब संसद का सत्र चल रहा था। नेताजी ने संसद में कहा कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेताजी हमारे बीच नहीं है, लेकिन संयोग से उनके सगे भाई (शिवपाल यादव) भाजपा को जीताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।



### कांग्रेस ने गरीब को तरसाया और तड़पाया

सपा सरकार में कितने ही शहरों में आतंकियों के स्लीपर सेल थे, आतंकी संगठन खुलेआम धमकी देते थे। सुरक्षा एजेंसियां बहुत मेहनत करके आतंकियों को पकड़ती थीं, लेकिन सपा सरकार, आतंकियों से मुकदमे वापस ले लेती थी। अफसरों को कहा जाता था कि आतंकियों के खिलाफ चार्जशीट फाइल न करो, दबाव बनाया जाता ?था कि आतंकियों को जमानत दिलाओ। जो अफसर ऐसा नहीं करते थे, उनका ट्रांसफर हो जाता था। ये सब तुष्टिकरण के लिए, वोट बैंक के लिए किया जाता था। पिछले 60 साल से गरीब ने कांग्रेस का तरसाने तड़पाने वाला खेल पकड़ लिया है। इनके सामने गिड़गिड़ाना होता था। पीएम ने कहा- सपा-कांग्रेस की बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। ये लोग लगातार झूठ बोलेंगे।

### ये लोग धर्म के आधार पर आरक्षण पर डाका डालेंगे

पूरे देश में ओबीसी को आरक्षण मिलता है। कर्नाटक में भी मिलता है। इन्होंने रातों रात एक फतवा निकला। उस पर ठप्पा मार दिया कि कर्नाटक में जितने भी मुसलमान हैं। उनको रातों रात ओबीसी बना दिया। एक कागज निकालकर वह रातों रात ओबीसी बन गए। जिन ओबीसी को 27त्न आरक्षण मिलता था। उसमें लूटा। पिछले दरवाजे से चोरी की। यह जो कर्नाटक में किया। वह पूरे हिंदुस्तान में करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण पर डाका डालेंगे। क्या इसमें हमारा पासी, कुर्मी, यादव, लोधी, दलित, शाक्य, कुशवाह इन सबका आरक्षण रातों रात लूट जाएगा।

### मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर

परिवारवादियों की विरासत क्या है? इनकी विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीति रसूख। कोई मैनपुरी, कन्नौज, और इटावा को अपनी जागीर मानता है। लेकिन, मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है। मोदी की विरासत दलित-पिछड़ों को मिला गैस, नल, बिजली है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त इलाज है। मोदी की विरासत आपके बच्चों के भविष्य के उज्ज्वल के लिए बनाई गई शिक्षा नीति है। मोदी की विरासत सबकी है। सबके लिए है। क्या सरकार को अपनी पूर्वजों की संपत्ति छीनने देंगे क्या। माता-बहनों का मंगल सूत्र छिनने देंगे क्या। क्या आपके खेत के टुकड़े होने देंगे क्या। आप मुझे बताइए। आपको लुटने के इरादे रखने वाले को घर भेजेंगे कि नहीं।

### राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा; कहा-

## नहीं मिला न्याय, लड़ती रहूंगी

**रायपुर।** तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं और वही अब मैं वहीं कर रहीं हूं। अपने और देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर तीन पेज का इस्तीफा लिखा है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तीन पेज के लिखे इस्तीफा पत्र में कहा कि आदिकाल से स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता है। हिरण्यकशिपु से लेकर रावण और कंस तक इसका उदाहरण है। वर्तमान में प्रभु श्रीराम का नाम लेने वालों का कुछ लोग इसी तरह से विरोध कर रहे हैं। हर हिंदू के लिए प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पवित्रता के साथ बहुत मायने रखती है और रामलला के दर्शन मात्र से जहां हर हिंदू अपना जीवन सफल मानता है। वहीं कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। मैंने जिस पार्टी को अपने 22 साल से ज्यादा दिए, जहां एनएसयूआई से लेकर आईसीसी के मीडिया विभाग में पूरी ईमानदारी से काम किया। आज वहां ऐसे तीव्र विरोध का सामना मुझे करना पड़ रहा है क्योंकि मैं अयोध्या में रामलला के दर्शन करने से खुद को रोक नहीं पाई।



**शिविर** गणेश स्कूल के नौनिहालों ने गर्मी से ली राहत, उठाया आनंद

# समर कैंप में बच्चों ने उठाया पूल पार्टी का लुत्फ



**संवाददाता, सीधी।**


गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्त तथा ख़ुशी एवं उमंगों से उनके मन को प्रफुल्लित रखने के उद्देश्य से स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पड़रा में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत शनिवार को चौथे दिन पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों ने पूल के ठन्डे पानी में नहाकर तथा डांस कर दोस्तों के संग खूब आनंद मनाया और जमकर मस्ती की। इसमें बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया तथा उनके साथ अपने टीचरों के साथ जमकर मस्ती की। पूल पार्टी बाद में सभी छात्रों को कोल्ड ड्रिंक, समोसे, स्नैक्स और लंच बांटे गए जिनका उन्होंने खूब लुत्फ उठाया। संस्था के संचालक नीरज शर्मा ने सभी को गर्मियों में अपनी सेहत का ध्यान रखने और ज्यादा पानी पीने के लिए प्रेरित किया। श्री शर्मा ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए समर कैंप में करवाई जाने वाली गतिविधियां काफी लाभदायक होती है।

इससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ स्किल डेवलप होती है। स्कूल प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि समर कैंप के जरिए बच्चों का मनोरंजन ही नहीं बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं का विकास होता है। डॉ. तिवारी ने बताया कि समर कैंप में बच्चों के शारीरिक, रचनात्मक और बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न एक्टिविटीज और कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एच.एम. प्रीती शर्मा, मनीष पाठक, दिलीप सिंह परिहार, तरुणनाथ मिश्र, अवतार कृष्ण, शुभांगना द्विवेदी, माखनलाल मिश्र, डीके खरे, अंकिता सेन, अंकुर मिश्र, वंशभान यादव, ज्योति सिंह चंदेल एवं आनंद गुप्ता मौजूद रहे।

टीचर्स भी मौजूद रहे। इसके बाद बच्चों ने रिफ्रेशमेंट का आनंद लिया। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि संगीत की धुनों के बीच नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के करीब 290 बच्चों ने पूल के ठंडे पानी में

सुपर - 100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 तक

# लिखित परीक्षा 15 व 16 जून को



**संवाददाता, सीधी।**

एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुपर - 100 योजना है। विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क तैयारी होगी। उन्होंने बताया कि सुपर - 100 योजना के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2024 है। लिखित परीक्षा 15 एवं 16 जून को होगी।

उन्होंने बताया कि सुपर 100 योजना के अनुसार सभी मेधावी छात्रों को भोपाल के शासकीय उत्कृष्ट सुभाष हायर सेकेंडरी स्कूल और इंदौर के शासकीय मल्हार आश्रम स्कूल में मुफ्त में एडमिशन दिया जाता है। इसके अलावा, उन्हें वहां रहने के लिए हॉस्टल भी मुफ्त में दिए जायेगा, यहाँ तक कि उनके खाने पीने का भी पूरा खर्चा शासन द्वारा किया जाता है।

इस योजना के तहत छात्रों को न सिर्फ कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई मुफ्त में कराई जाएगी, बल्कि इसके साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की पढ़ाई भी मुफ्त में कराई जाती है। लाभार्थी छात्रों को इंजीनियरिंग, आईआईटी, जेईई, सीए और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग 2 साल तक मुफ्त में कराई जाती है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। छात्रों को खुद के व्यक्तिगत खर्च के लिए हर महीने 150 रूपये दिए जायेंगे, जो कि 10 माह की अवधि तक प्रदान किये जाएंगे।

मनरेगा के कार्यो के धीमी प्रगति पर चन्द्रशेखर ने जताई नाराजगी

# चितरंगी बस स्टैड के कार्य शीघ्र पूर्ण करें: कलेक्टर



**संवाददाता, सीधी।**

जिले में चल रहे निर्माण कार्य समय सीमा एवं गुणवत्ता के साथ किया जाना सुनिश्चित करे। वही आरईएस एवं मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने निर्देश दिये कि कार्यो में प्रगति लाई जाये तथा समय पर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये। विदित हो कि कलेक्टर शुक्ला के अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू एवं आरईएस विभागो के द्वारा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर के द्वारा सर्व प्रथम लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की विंदुवार प्रगति की समीक्षा करते हुये संबंधित विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि हवाई पट्टी के निर्माण के जो कार्य अभी तक अधूरे उन्हे शीघ्र पूर्ण करे साथ ही अन्य निर्माण कार्य जो अब तक पूर्ण नही है उन्हे भी समय पर पूर्ण करे। वही पीआईयू विभाग के द्वारा निर्माण किये जाये आईटीआई भवन छात्रावास सहित अन्य भवन निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गई। तथा निर्देश दिये गये कि सीएम राईज विद्यालयों के चल रहे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यो के प्रगति के प्रति संतोष जाहिर किया गया।

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों की तलाश, भटक रहे मरीज –राजू



**संवाददाता, सीधी।**

जिला अस्पताल की बेपटरी हो चुकी उपचार व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह राजू ने कहा है कि उपचार की उम्मीद लेकर आने वाले मरीजों को मायूस होना पड़ रहा है। यहां की उपचार व्यवस्था सुधारने की बजाय अपने निजी प्रैक्टिस में ज्यादा ध्यान दे रहा है। इसके चलते यहां पदस्थ डॉक्टर भी मनमानी करने पर उतारू है। न समय पर अस्पताल पहुंच रहे और न निर्धारित समय तक बैठते। डॉक्टरों को ड्यूटी पीरियड में जहा अस्पताल में सेवाएं देनी चाहिए, वो सब अपनी निजी क्लिनिको में बैठकर मरीजों का उपचार कर रहे होते है। ऐसे में मरीज डॉक्टर के इंतजार में बैठे रहते है। घंटो इंतजार के बाद भी उन्हें समुचित उपचार जब नही मिलता तो वो निजी क्लिनिको में उपचार कराने को मजबूर हो जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन से लेकर समस्त डॉक्टर अपने निजी प्रैक्टिस में व्यस्त हैं। ऐसे में दूर दराज से आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में असुविधाओं के कारण अधिकतर लोग कर्ज लेकर निजी अस्पतालों में परिजनों का इलाज कराने को विवश हैं।

### ड्रेनज ग्रील में फंसी गौमाता को निकाले दल बल के साथ पहुंचे नगर निगम आयुक्त



**बैढ़न ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा जहा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न अतिक्रमणो को हटाकर शहर को साफ एवं सुन्दर बनाने की कायावाद की जा रही है। वही आज निगमायुक्त को जानकारी मिली कि कलेक्ट्रेट के पास ड्रेनेज ग्रील में एक गाय फस गई है। तथा बाहर नही निकल पा रही है उन्होंने तत्काल स्वच्छता दल बल के साथ अपने स्वयं उक्त स्थल पर पहुचकर गाय को सकुशल बाहर निकलवाया गया। आयुक्त के इस कार्य के लिए शहरवासियो ने सराहना किया वही निगमायुक्त ने आम जनो से इस आशय की अपील किया कि अपने पशुओ आवारा न छोड़े इनसे होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने में निगम का सहयोग करे। इस दौरान कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, स्वच्छता निरीक्षण संतोष तिवारी एवं स्वच्छता अमला उपस्थित रहा।

### अतुल अंजान के निधन पर भाकपा ने जताया शोक

**सीधी ।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के



राष्ट्रीय सचिव कामरेड अतुल अंजान का कैंसर से लम्बी बीमारी के वाद 3 जून को सुबह निधन हो गया। आज सीधी जिला परिषद द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया। भाकपा नेता कामरेड आनंद पांडेय ने बताया कि कामरेड अतुल अंजान ने अपना राजनैतिक सफर 1977 में शुरू किया था। वह सबसे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय क्षात्र संघ के चार वार अध्यक्ष रहे! वह एक प्रखर कम्यूनिस्ट नेताओं में एक मानें जातें थें। वो देश के किसानों के उत्थान के लिए वनी सवामिनाथन कमेटी के सदस्य थे उक्त कमेटी में अपना पक्ष रखा जिसे सामिल किया गया। पिछले समय किसानों का दिल्ली मे चलें एक साल के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा कर किसानों को एक जुट किया। भाकपा द्वारा किये गये शोक सभा में कामरेड आनंद पांडेय, कामरेड माधव पांडेय, कामरेड इंद्रभान पटेल, कामरेड विभा पांडेय, कामरेड लाल बहादुर पटेल, कामरेड महेंद्र सिंह, कामरेड प्रमोद शुक्ल, कामरेड राजेश कारपेंटर, रानी द्विवेदी एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सीएसआर मद का मिले लाभ:श्री शुक्ला

# पिछड़े क्षेत्र में उपलब्ध कराये मूलभूत सुविधाएं-कलेक्टर



**संवाददाता, सीधी।**

समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सीएसआर मद से लाभ पहुचकर उसके जीवन स्तर एवं संबंधित क्षेत्र का विकास किया जाये। साथ ही ऐसे क्षेत्र जो अभी भी विकास कार्यो से वंचित उनमें मूलभूत सुविधाएं सीएसआर मद से प्रदान कराना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए साथ ही जिलाधिकारी के साथ साथ औद्योगिक कम्पनियो के अधिकरियो की भी ऐसे गरीब बंचित परिवारो को प्राथमिकता से लाभ प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की मानसिकता सदैव रखनी चाहिए उक्त आशय का वक्तव्य कलेक्ट्रेट सभागार में सीएसआर की बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि कलेक्टर शुक्ला के अध्यक्षता तथा जिलाधिकारियों सहित एनसीएल, एनटीपीसी सहित जिले में स्थापित औद्योगिक कम्पनियो के अधिकारियो एवं प्रतिनिधियो के साथ सीएसआर की बैठक आयोजित हुई। उपस्थिति अधिकारियो को निर्देशित करते हुये कलेक्टर ने कहा कि सीएसआर का ऐसा प्रोजेक्ट हो कि उसी वर्ष में कार्य कर पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि अभी सिंगरौली जिले के कई ऐसे मझरे टोले एवं अन्य स्थान है जहा विद्युत व्यवस्था नही हो पाई है साथ ही ऐसे मोहल्ले को भी शहर के मुख्यधारा से नही जोड़ा जा सका है वहा पर सड़को का आभाव है पेयजल की समस्या है साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा आदि पर भी हम सब को मिलकर सीएसआर मद से ऐसे विंदुओ पर प्राथमिकता के साथ कार्य करना है। ताकि सिंगरौली जिले को सीएसआर मद का वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एवं बच्चो में प्रतिभा लाने हेतु साथ ही कुपोषण को दूर करने के लिए भी सीएसआर के मद से प्रोजेक्ट तैयार करे। कलेक्टर ने कहा कि आज भी सिंगरौली जिले मे निवासरत बैगा समुदाय के लोग जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित है उनका अभी भी आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जनधन खाता सहित समंग्र आईडी राशन कार्ड नही बन पाया है जिसके कारण योजनाओं के लाभ से वचित है जो अत्यन्त ही गहन विषय है इनके उत्थान के लिए सभी को कार्य करना होगा। कलेक्टर ने बैठक के दौरान वित्तिय वर्ष 2021-22-23 एवं 2023-24 में स्वीकृत कार्यो के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि अभी कई कार्य अधूरे है उन्हे पूर्ण किया जाये ऐसा स्टीमेट तैयार हो कि वह हर हाल में उसी वर्ष पूर्ण हो सके। साथ ही वित्तिय वर्ष 24-25 हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये जिसमें विकास के बड़े कार्य सम्मलित किये जाये।

उपस्थित कम्पनियो को इस आशय के निर्देश दिये गये सीएसआर के कोई भी कार्य बिना जिला प्रशासन के स्वीकृती पश्चात ही किया जाये। उन्होंने शहरी क्षेत्र में पशुओ को पेयजल उपलंब्ध कराने हेतु नगर निगम को छोटे वाटर टैंक कुछ स्थलो पर बनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। ताकि पशुओ को भी इस भीषण गर्मी में पेयजल प्राप्त हो सके। वही विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि पूर्व में स्वीकृत किये विद्युत विहीन मझरे टोले में विद्युत की व्यवस्था साथ ही ऐसे विद्यालय या आगनवाड़ी भवन जहा विद्युत कनेक्शन नही वहा भी विद्युत व्यवस्था उपलंब्ध कराई जाये। साथ ही आदर्श आगनवाड़ी केन्द्र बनाये जाने हेतु महिला विकास को कार्य योजना तैयार कराये जाने का निर्देश दिये।

कलेक्टर ने उपरोक्त विंदुओ के साथ साथ उपस्थित अधिकारियो को एवं कम्पनी के अधिकरियो को इस आशय के निर्देश दिये कि जिले से कुपोषण एवं प्रदूषण से मुक्त करने हेतु आगे बड़कर सभी को कार्य करना होगा ऐसा प्लान तैयार किया जाये।

# भैंस चोर गिरफ्तार



**संवाददाता, सीधी।**

पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली शिवकुमार वर्मा उपखंड पुलिस अधिकारी चितरंगी आशीष जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के सतत निगरानी में चौकी प्रभारी नौडिहवा उपनिरीक्षक उदय चंद करिहार को भैंस चोर गिरोह को गिरफ्तार करने बड़ी सफलता हासिल हुई है।

पुलिस सूत्रों की से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी ऊग्रसेन जायसवाल पिता सोमनाथ जायसवाल निवासी ग्राम बरा चौकी नौड़िहवा दिनांक 1 मई 2024 को रात्रि में भैंस को खरिका ओसाई से चारा भूसा घर आया । और सुबह जब भैंस के पास गया तो वहां चार नग मेरी भैंस नहीं थी किसी व्यक्ति द्वारा चोरी करके ले गया। जिसकी रिपोर्ट चौकी नौड़िहवा में दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर अपराध क्रमांक 63/2024 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा नजदीकी गांव के आसपास भैंसों की तलाश की गई और दो संदेही आरोपी सुनील ‚गिरफ्तार किया गया। इनके पास चार भैंस थे जिसको हाक कर वह दूसरे तरफ ले जा रहे थे। आरोपियों से कड़ाई से पूछता किया तो चोरी करना कबूल किया।

राजस्व के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर करे निराकरण: कलेक्टर

# चितरंगी जनपद को शीघ्र मिलेगा फायर ब्रिगेड यूनिट



**संवाददाता, सीधी।**

आधी तूफान से प्रभावित हुये किसानो के फसलो, माकानो के साथ साथ पशु हानि के क्षति की राहत राशि शिविर आयोजित कर वितरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये साथ ही राजस्व के लंबित प्रकरणो का निराकरण अभियान चलाकर किया जाये उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के द्वारा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियो को दिया गया। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, अखिलेश सिंह, सुरेश जाधव, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, सौरभ मिश्रा सहित सभी उपखण्डो के तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। कलेक्टर ने उपखण्डवार नामातरण, वटनवारा, सीमांकन के लंबित प्रकरणो निराकण के प्रगति की समीक्षा करने के पश्चात निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणो का अभियान चलाकर निराकरण करना सुनिश्चित किया जाये। वही उपस्थित उपखण्ड अधिकारियो को इस आशय के निर्देश दिये गये कि अपने स्तर पर बैठक आयोजित प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि समय पर लंबित प्रकरणो का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने तीन माह एवं छः माह के लंबित प्रकरणो का निराकरण तत्परता के साथ किये जाने के भी निर्देश दिये। वही स्वामित्व योजना आबादी सर्वे के कार्य मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना के र्प्रगति की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने उपस्थित राजस्व अधिकारियो को इस आशय के भी निर्देश दिये कि वर्षा के पूर्व ऐसे नदी नाले पर बने हुये पुल सड़क पर जहा भारी वर्षा के दौरान पानी का बहाव उपर हो जाता है आवागम में खतरा बने होने की सभावना होती है ऐसे स्थलो को चिन्हित कर बोर्ड लगाये साथ ही बैरियर भी लगया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि ऐसे क्षेत्र जहा पर भारी वर्षात के कारण वाहन जाने में कठिनाई होती है ऐसे क्षेत्रो में पीडीएस दुकान से राशन पहले उन क्षेत्रो में भेजा जाना सुनिश्चित किया जाये ताकि पात्र हितग्राहियो को समय पर खाद्यान मिल सके। बैठक के दौरान चितरंगी एसडीएम को इस आशय के निर्देश दिये गये ।

# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**संवाददाता, सीधी।**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में वर्तमान परिस्थिति में अत्याधिक गर्मी दृष्टिगत रखते हुए लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है क्योकि ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र में समस्त क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करें तथा आम जन को भी लू (तापघात) से बचाव संबंधी जानकारी समय-समय पर प्रसारित करें।

### लू से बचाव के लिए क्या करें

गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछ्ले भाग कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें।

गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीऐ एवं पेय पदार्थो का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों को विशेष ध्यान रखें बच्चों को सिखाये कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गो का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्व भोजन तथा तरल पदार्थो का सेवन करवायें। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फ्लों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोके।

### लू से बचाव के लिए क्या न करें

बिना भोजन किये बाहर न निकले। जहॉ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खडे होकर मेहनत/अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड़ गर्म घुटन भरे कमरों में ना जायें, रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्वक होने पर ही करे। बच्चों एवं बुजुर्गो के दिन के सबसे गर्म समय जैसे - दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें । धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। धूप में नंगे पॉव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थो का सेवन न करें।

### लू लगने पर लक्षण

गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फेरेनाइट, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना एवं घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

### लू से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार व तरीके

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दे एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें।

रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्वत आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिए यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियॉ रखकर पूरे शरीर को ढक दे। इस प्रक्रिया को तब तक दोहराये जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।

# 13 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटनी/ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतत निगाह रखने और उनकी अपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाकर उनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही माननीय न्यायालय से प्राप्त होने वाले गिरफ्तारी-स्थाई वारंटियों की धरपकड़ कर अधिक से अधिक तामीली किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अति. पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर और



मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है। इसी तारतम्य में 3 मई को कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। माननीय न्यायालय श्रीमति रितिका मिश्रा पाठक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटनी के न्यायालय से अप.क्रं. 195/11 प्रकरण क्रं. 195/11 में आरोपी बंटी महावर पिता हरीदास महावर नि.बहना मोहल्ला दुर्गा मंदिर के पास जबलपुर के विरूद्ध जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी थाना कोतवाली कटनी के उपरोक्त अपराध में विगत 13 वर्षों से फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आशीष कुमार शर्मा व उनकी टीम उनि.रामचंद्र शुक्ला, म.आर रूपाली यादव,आर. जयंत कोरी, मंसूर हुसैन, मयंक सिंह, दिनेश सेन की अहम भूमिका रही।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में रक्तदान शिविर का आयोजन



कटनी/ब्यूरो

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री धरमिन्दर सिंह राठौड के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ए.डी.आर भवन) कटनी में शनिवार 04 मई को जिला अस्पताल कटनी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री धरमिन्दर सिंह राठौड के द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात् माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री धरमिन्दर सिंह राठौड, विशेष न्यायाधीश श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं अन्य न्यायाधीशगण के द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा समाजसेवियों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस प्रकार रक्तदाताओं के द्वारा कुल 23 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री निलेश कुमार जिरेती एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अनुज चंसोरिया द्वारा उपस्थित समस्त रक्तदाताओं एवं जिला अस्पताल कटनी से उपस्थित ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. बबीता खंगार सहित समस्त टीम का आभार व्यक्त किया गया।

# वैश्य महासम्मेलन महिला ईकाई के द्वारा प्याऊ का शुभारंभ लोगों को पानी पिलाकर किया



कटनी/ब्यूरो

वैश्य महासम्मेलन महिला ईकाई के द्वारा इस भीषड़ गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल व शुद्ध जल सेवा प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस सेवा कार्य को करनें के लिए हम सब बहनों ने मिलकर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ का उद्घाटन किया जाता है मुकेश चंदेरिया जी ने कहा कि जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है पानी को व्यर्थ ना बहाएं यही जल लोगों की प्यास बुझाता है इस मौके पर जयंती खंतालएदिपाली गुप्ता और शालिनी सोनी ने सभी समाजसेवियों से गुजारिश की कि गर्मी के मौसम में जगह.जगह निशुल्क प्याऊ लगाना चाहिए जिससे आमजन प्यास लगनें पर नि:शुल्क पानी पी सके आज हम सभी ने रिक्शए ठेलेवालों से लेकर राहगीरों को पानी पिलाया साथ ही साथ बिस्किट्स के पैकिट व मिठाई भी खिलाई गई इस मौके पर सीमा जैन ने बताया कि नि:शुल्क जल सेवा लोगों के प्रतिवर्ष वैश्य महासम्मेलन द्वारा संचालित की जाती है और यह नि:शुल्क प्याऊ पूरी गर्मी तक लगा रहेगा। यह प्याऊ अलका सरावगी के सौजन्य से लगाया गया। प्याऊ के शुभ उद्घाटन में प्रदेश मंत्री मुकेश चंदेरिया, साहित्य प्रकोष्ठ प्रभारी रामदयाल गुप्ता, जिला प्रभारी बालमुकुंद गुप्ता, संभाग प्रभारी सीमा जैन, जिला प्रभारी जयंती खंताल जिला अध्यक्ष दिपाली गुप्ता, जिला महामंत्री शालिनी सोनी, कोशाधक्ष अर्चना चंदेरिया, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रीना कुचिया, सह महामंत्री नीता बिजुरिया, आकांक्षा बरसैंया, आशु सुहाने आदि बहनों की सराहनीय उपस्थित रही।

# चुनाव आचार संहिता के दौरान अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध थाना रंगनाथनगर द्वारा कार्यवाही

कटनी/ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना रंगनाथ पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जाकर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवम थाना रंगनाथनगर स्टाफ के द्वारा 3 मई व 4 मई की दरमयानी रात में मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर पर्यावरण कालोनी मस्जिद के पीछे भारी मात्रा में अवैध शराब का रखे पाए जाने पर राकेश उर्फ रक्कू भारती पिता मंगी लाल भारती उम्र 38 साल निवासी भारत चौक झर्रा टिकुरिया थाना रंगनाथ नगर जिला कटनी के विरुद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए एक बोरी में 200 पाव देशी प्लेन शराब व दूसरी बोरी में 150 पाव देशी प्लेन शराब कुल 350 पाव शराब जब्त की गई। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उपनिरीक्षक नवीन नामदेव, प्रधान आरक्षक संदेश परतेते प्रधान आरक्षक गोविन्द



प्रसाद,आरक्षक पंजाब सिंह, आरक्षक नवीन शुक्ला एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।




# कटनी के हृदय स्थल में बना जल मंदिर : विपिन गुप्ता

**कटनी/ब्यूरो।** जैसा विदित्त है की ग्रीष्म ऋतु में पीने के पानी की आवश्कता सभी जीव की होती है । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से पेय जल की व्यवस्था जल मंदिर का निर्माण कर के हर वर्ष गर्मी की ऋतु में अनेकों स्थान में करता हैं। इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् कटनी के माध्यम से जल मन्दिर का निर्माण कटनी के मिशन चौक में विधिवत उद्घाटन कर राहगीरों को चना और गुड़ खिलाकर किया गया। जल मन्दिर पूर्ण रूपेण स्वदेशी का संदेश दे रही है । उद्घाटन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् महाकोशल प्रान्त संगठन मंत्री विपिन गुप्ता ने कहा यह जल मंदिर स्वदेशी का स्वरुप है जो प्रत्येक रहवासी की इस गर्मी में प्यास बुझाने का कार्य करेगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह कार्यवाह अमित कंकने एवं जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी ने कहा की कटनी के हृदय स्थल में यह जल मन्दिर निश्चित ही भारत की ऐतिहासिकता को दर्शा रहा है, जिस प्रकार हमारे पौराणिक काल में जल ग्रहण करने से पहले चना गुड खाकर करते थे उसी प्रकार इस जल मंदिर के उद्घाटन में चने गुड़ के सेवन के बाद जल ग्रहण कराया गया। मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला संयोजक सीमांत दुबे, ऋषभ त्रिपाठी, सर्जन चौदहा, समर्पण, श्रेया निगम, ओम कोरी, आकाश, अमन त्रिपाठी, अवध पांडे, योगेश, श्रीनेहा, अमित, कृष्णकांत, शेफाली आदि अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माई नदी को साफ करने निकाली जा रही पुनरुद्धार यात्रा

कटनी/ब्यूरो

पवित्र माई नदी का पुनरुद्धार करने के उद्देश्य से माई नदी पुनरुद्धार यात्रा माई नदी के निक्तस्थ ग्रामों से होकर निकाली जा रही है। माई नदी पुनरुद्धार यात्रा के संयोजक भारत लाल नामदेव ने बताया की आम लोगों को माई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास की आवश्यकता हैं। घरों का पानी घर में मोहल्ले का पानी मोहल्ले में और गांव का पानी गांव में रोकने पर बल दिया गया। यदि इस के लिए प्रत्येक घर में शोकता गड्ढा बना लिया जाता है। इसी तरह सामुदायिक शोकता गड्ढा बना दिया जाता है तो और सभी व्यक्ति के द्वारा प्रयास किया जाकर एक अभियान चलाया जाए तो यही




घरों से निकलने वाला पानी नदी में लगातार परकुलेट होकर के आता रहेगा तो माई नदी पुनर्जीवित हो जाएगी। माईनदी पुनरुद्धार यात्रा के संयोजक भारत लाल नामदेव के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें अन्य सामाजिक संगठन के नरेन्द्र चौरसिया, मानव जीवन विकास समिति के संचालक निर्भय सिंह एवं शिकागो पलिक स्कूल मोहन नागवानी, सरपंच हीरा चक्रवर्ती, पिपरिया के सरपंच नरेंद्र सिंग चौहान के अलावा सचिव उपस्थित रहे। सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए लोग इसमें समिलित हो रहे हैं। इस यात्रा का मूल उद्देश्य लोगों में माई नदी के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाना नदी के पुनर्धार के लिए छोटे-छोटे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नदी के निक्तस्थ ग्राम पिपरिया से यात्रा प्रारंभ होकर केहिरवारा में पदवरह जिसमें काफी संया में आम जन समिलित हुए और उन्होंनेअपने-अपने ग्राम की मैं नदी भूमि पुनरुद्धार समिति का गठन किया, जिसमें हर विषय के जानकार लोगो को समिलित किया गया, कार्यक्रम की संयोजक भारत नामदेव ने बताया कि प्रत्येक गांव से कमेटी या बनाकर उनका एक महासंघ बनाने का काम आने वाले समय में किया जाएगा, जो इस पूरे नदी पुनरुद्धार के काम का समन्वय का काम करेगी।

# श्रीमद्भागवत में बरस रहा आनंद

**कटनी/ब्यूरो।** जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। कुछ ऐसे अमृत बचन मिश्रा परिवार द्वारा ग्राम गताखेड़ा में आयोजित श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ में कथा के तीसरे दिवस व्यास पीठ से प्रसिद्ध तीर्थ खाटू श्याम धाम दिल्ली से पधारे आचार्य ब्रजेश कृष्ण शास्त्री जी ने अपने मुखरविंद से कही महाराज जी ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में तीसरे दिवस भगवान श्री हरि के पांचवे वामन



अवतार की कथा का वर्णन किया इस दौरान बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। खास अवसर के लिए कथा पांडाल को गुबारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें- मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। इस दौरान श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे। सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरानआयोजक परिवार से मुय श्रोता ओंकार प्रसाद मिश्रा, धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री देवी मिश्रा है एवं गाताखेड़ा सहित आस- पास के ग्रामों के सैकड़ों भक्त माताएं बहने युवा बुजुर्ग भक्त रस का पान कर रहे है । अनिल मिश्रा, सुनील मिश्रा, एडवोकेट मुकेश मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, आयुष मिश्रा, सावंत मिश्रा, धीरेन्द्र मिश्रा, ध्रुव मिश्रा, दर्शित मिश्रा, चीकू, दृष्टि, कुद्दू मिश्रा स्थानीयजन रहे।

# कलेक्टर ने स्थापना शाखा का किया निरीक्षण

## शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की संधारित करें गार्ड फईल - कलेक्टर

कटनी/ब्यूरो

कलेक्टर अवि प्रसाद ने शनिवार प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला स्थापना शाखा का औचक निरीक्षण कर नस्तियों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी तथा कार्यालय अधीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान स्थापना शाखा में संधारित होने



वाले कर्मचारियों संबंधी सेवा अभिलेखों, विभागीय जांच के प्रकरणों, अनुकंपा नियुक्ति, वेतनवृद्धि, समयमान वेतनमान एवं अन्य नस्तियों एवं दस्तावेजों का भी अवलोकन भी किया जाकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा प्रभारी अधिकारी स्थापना शाखा एवं लिपिक को अनुकंपा नियुक्ति परीवीक्षा अवधि एवं पेंशन प्रकरणों के संबंध में निर्धारित समय पर कार्यवाही करनें तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा बेवसाईड में जारी दिशा - निर्देशों की गार्ड फाईल तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

## जिला अजाक्स कटनी ने किया नवागत बीईओ का स्वागत

**कटनी/ब्यूरो।** कटनी निजी प्रतिनिधिध् सहायक संचालक लोक शिक्षण सिविल सेवा परीक्षा की सीधी भर्ती से कटनी नगर में नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री धनश्री जैन निवासी जबलपुर का मध्यप्रदेश अजाक्स जिला इकाई कटनी के प्रतिनिधि मंडल ने अजाक्स जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह परस्ते के नेतृत्व में सुश्री धनश्री जैन से एक सौजन्य भेंटकर उनके पदभार ग्रहण करने उपरांत पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकिशोर दाहिया, अजाक्स जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह परस्ते, कटनी बीआरसी मनोज गौतम, मुड़वारा तहसील अध्यक्ष गणेश प्रसाद आरख, जिला कोषाध्यक्ष राम प्रताप दाहिया, जिला संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार कोरी रहे।

# तहसील न्यायालय विजयराघवगढ़ में ई-सेवा केन्द्र का शुभारम्भ

कटनी/ब्यूरो

माननीय मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति माननीय न्यायमूर्ति रवि मलिमठ के द्वारा तहसील न्यायालय विगढ़ में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ किये जाने के निर्देशन में तथा माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधिपति माननीय न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी पोर्टफोलियो के मार्गदर्शन में 4 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड के द्वारा तहसील न्यायालय विजयराघवगढ़ में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। माननीय मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधिपति माननीय न्यायमूर्ति रवि मलिमठ के द्वारा न्यायालयों में लंबित निराकृत प्रकरणों सें संबंधित बुनियादी जानकारियॉ जैसे



पेशी दिनांक निर्णय-आदेशो की प्रति, ईकोर्ट मोबाईल एप्लीकेशन, बेवसाईट का उपयोग तथा अन्य विभिन्न जानकारियॉ सरल, सुलभ माध्यम से संबंधित पक्षकार को प्राप्त हो सके, उक्त उददेश्यों की पूर्ति हेतु, संपूर्ण मध्यप्रदेश में विभिन्न जिलों एवं तहसील न्यायालयों में 251 ई-सेवा केन्द्रों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई तथा उक्त अनुक्रम में ही जिला कटनी में पूर्व में ही जिला न्यायालय कटनी में 02 तथा बाह्य न्यायालय बरही और ढीमरखेड़ा में 01-01 ईसेवा केन्द्र का ई-शुभांरभ माननीय न्यायमूर्ति रवि मलिमठ के द्वारा ही किया गया था। उक्त शुभारंभ के अवसर पर विशेष न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट नदीम जावेद खान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड विजयराघवगढ़ श्रीमती प्रियंका डाबर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड विजयराघवगढ़ राजू डाबर एवं तहसील न्यायालय विजयराघवगढ़ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदयभान सिंह, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र चैबे तथा अन्य अधिवक्तागण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरमिन्दर सिंह राठौड के द्वारा तहसील न्यायालय विजयराघवगढ़ और जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश की श्रृंखला न्यायालय का भी भ्रमण किया गया।

## आकाश में उड़ने वाले पंछी को भी अपने घर की याद आती है - प्रेमचंद

# चुनाव में बनती जन अवधारणाएं

**लोकसभा** चुनावों के दो चरणों के सम्पन्न होने के बाद यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि सत्ता की लड़ाई में भाजपा व कांग्रेस युक्त विपक्षी इंडिया गठबंधन आमने-सामने हैं। अभी तक कुल 190 सीटों पर मतदान हो चुका है और यह नहीं कहा जा सकता कि किस पक्ष का पलड़ा भारी रहेगा। दोनों पक्ष चुनाव को अपने-अपने हक में बता रहे हैं। भाजपा तर्क दे रही है कि इन चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है और उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन का कोई नेता सामने नहीं है जिसकी वजह से मतदाताओं का झुकाव उसकी तरफ है। कांग्रेस का तर्क है कि लोग नेता की जगह मुद्दों पर ध्यान दे रहे हैं और महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त हैं जिसकी वजह से उनका रुझान विपक्षी प्रत्याशियों की तरफ ज्यादा है। मगर भारत में चुनाव जन अवधारणा के आधार पर जीते जाते हैं। देखना होगा कि भाजपा व कांग्रेस में से किस पार्टी की बनाई अवधारणा लोगों पर ज्यादा असर डाल रही है। इसके साथ यह भी देखा जाना जरूरी है कि कौन सा पक्ष आक्रामक है और कौन सा रक्षात्मक। साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए किस पार्टी का एजेंडा ऐसी स्थितियां पैदा कर रहा है। हमारे सामने इससे पहले के दो ऐसे उदाहरण हैं जब विपक्ष इकट्ठा होकर लड़ा और हारा जबकि दूसरा उदाहरण ऐसा है जब विपक्ष संगठित होकर लड़ा और जीता। ये दोनों उदाहरण 1971 और 1977 के चुनाव के हैं। पहले में संगठित विपक्ष हारा और दूसरे में जीता। मगर इसमें फर्क यह रहा कि पहले चुनाव में विपक्ष रक्षात्मक था और दूसरे 1977 के चुनाव में आक्रामक था। 1977 के चुनाव में लगभग सभी विपक्षी दल जनता पार्टी के नाम से जुड़ चुके थे। उनका चुनाव निशान चौधरी चरण सिंह की पार्टी लोकदल का 'कंधे पर हल लिये किसान' था। जनसंघ के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी दिल्ली शाहदरा के 'भोलानाथ नगर' में एक जनसभा करने के लिए आये। स्व. वाजपेयी बहुत कुशल वक्ता थे। इन चुनावों से पहले देश में इमरजेंसी उठ चुकी थी। इमरजेंसी में स्व. वाजपेयी भी जेल में बन्द थे। मगर ऐसा भी हुआ था कि इमरजेंसी में जेल से छूटने के लिए विपक्षी दलों के बहुत से कार्यकर्ता माफी मांग कर बाहर आ गये थे। वाजपेयी जब बोलने के लिए खड़े हुए तो जनता के बीच से किसी ने सवाल पूछ लिया कि आपकी पार्टी के कार्यकर्ता तो माफी मांग-मांग कर जेल से बाहर आये। वाजपेयी जनता से शिकायत कर रहे थे कि पूरे देश में इमरजेंसी लग गई और जनता में कहीं विरोध क्यों नहीं हुआ? उस पर एक श्रोता ने वह सवाल पूछ लिया था। इस पर स्व. वाजपेयी भड़क उठे और उन्होंने जो कहा उसे आप सुनिये 'मैं यहां सफाई देने नहीं आया हूं बल्कि आक्रमण करने आया हूं। मैं पूछ रहा हूं कि आपकी स्वतंत्रता छीन ली गई और आप खामोश बैठे रहे'? ये शब्द श्री वाजपेयी ने गुस्से में कहे थे मगर खचाखच भरी जनसभा में मानो सन्नाटा छा गया। राजनीति में अवधारणा इस प्रकार बनती है। बेशक 1977 में विपक्ष के पास जय प्रकाश नारायण व आचार्य कृपलानी व चौधरी चरण सिंह जैसे दिग्गज नेता थे मगर जन अवधारणा की ज्वाला धधकाने वाले वाजपेयी जैसे नेता भी थे। वाजपेयी जी ने लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि इमरजेंसी का विरोध न करके उन्होंने बहुत बड़ी गलती कर दी है। अतः जन अवधारणा बनाने में राजनीतिज्ञ ही अग्रणी भूमिका अदा करते हैं सवाल केवल परिस्थितियों के बखान करने के अन्दाज का होता है। मगर 1971 में भी जनसंघ समेत संसोपा, स्वतंत्र पार्टी व चरण सिंह की पार्टी और संगठन कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता काम राज से लेकर सी.बी. गुप्ता तक एक साथ थे मगर जन अवधारणा का निर्माण कोई एक नेता तक नहीं कर सका क्योंकि स्व. इन्दिरा गांधी ने जो एजेंडा 'गरीबी हटाओ' का खड़ा किया था उसके आगे वाजपेयी समेत किसी नेता का कोई विमर्श टिक ही नहीं पा रहा था। कहने को सभी विपक्षी दल व नेता एक साथ थे मगर कोई भी इन्दिरा गांधी को रक्षात्मक पाले में लाने में समर्थ नहीं हो पा रहा था। जन अवधारणा जब बन जाती है और लोग उसे अपना लेते हैं तो वे स्वयं तर्कों में आक्रामक हो जाते हैं। यह आक्रामकता आज के राजनैतिक वातावरण जैसी जबर्दस्ती पैदा की गई नहीं होती बल्कि स्वतः स्फूर्त होती है। आज की राजनीति के दौर में जो चुनाव चल रहे हैं उनमें इस स्वतः स्फूर्त आक्रामकता को देखना बहुत टेढ़ा काम है। बेशक यह मौजूद है मगर किन्हीं कारणों से लोग इसे प्रकट करने में कतरा रहे हैं। लोकतंत्र में इससे अन्ततः नुकसान ही होता है। इतिहास इसीलिए सबक लेने के लिए होता है। खास कर तब जब किसी भी पक्ष की लहर दिखाई न दे रही हो। आमने-सामने की टक्कर किस तरह होगी इसके लिए अभी पांच चरणों के चुनाव बाकी हैं

# राष्ट्र बढ़ चला सुनहरे भविष्य की ओर

**हाल** ही में नई दिल्ली में संपन्न 'भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन' में शामिल हजारों कार्यकर्ताओं के माध्यम से 'विकसित भारत' का संदेश पूरे देश में गुंजायमान हो रहा है। 'विकसित भारत' के स्वप्न को आज जब पूरा देश 'मोदी की गारंटी' के रूप में देख रहा है, जन-जन के मन में इस स्वप्न के पूरे होने का एक दृढ़ विश्वास है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है, वह अपने आप में इस बात की गारंटी है कि आने वाले समय में भारत एक बड़ी छलांग लगाने को तैयार है। कांग्रेसनीत यूपीए काल का कुशासन, समस्याओं का जंजाल, व्यापक भ्रष्टाचार, जनता के धन की भारी लूट, हर दिन बढ़ती महंगाई, लुढ़कती विकास दर, खाली होता विदेशी मुद्रा भंडार और पॉलिसी पैरालिसिस को कौन भूल सकता है? देश अब भी उन काले दिनों को नहीं भूल सकता, जब निराशा एवं हताशा हर मन-मस्तिष्क पर छाई हुई थी, तथा स्थिति ऐसी बन गई थी कि अब इस दशक को 'लॉस्ट डिकेड' (खोया हुआ दशक) माना जाता है। आज जब पिछले दस वर्षों में 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांस्फॉर्म' को 'स्पीड, स्केल एवं स्किल' के मंत्र से अभिमंत्रित कर कांग्रेसनीत यूपीए के दौर के दलदल से निकालने में सफलता मिली है, तब पूरी तरह से परिवर्तित भारत, उज्जवल भविष्य की ओर आंखों में 'विकसित भारत' के स्वप्न को लेकर देख रहा है। भाजपा का दो-दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ पार्टी झंडोत्तोलन, दीप-प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के उद्बोधन से हुआ। इस अधिवेशन में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा से हर कार्यकर्ता के मन में राष्ट्र के प्रति सेवा का संकल्प दृढ़ से दृढ़तर हुआ है। दो प्रस्तावों पर चर्चा के साथ राष्ट्रीय अधिवेशन में श्रीराम मंदिर पर एक वक्तव्य भी प्रस्तुत हुआ, जिसमें रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को एक नए कालचक्र के उद्भव के साथ आने वाले हजार वर्षों के लिए 'राम राज्य' का उद्घोष बताया गया है। 'विकसित भारत, मोदी की गारंटी' शीर्षक से पारित पहले प्रस्ताव में पिछले दस वर्षों की अद्भुत उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए देश को 'विकसित भारत' के लक्ष्यों के साथ नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प को दोहराया गया। भाजपा-देश की आशा, विपक्ष की हताशा' शीर्षक वाले दूसरे प्रस्ताव ने कांग्रेस तथा इसके इंडी-गठबंधन को पूरी तरह से बेनकाब करते हुए आज भारतीय राजनीति में व्याप्त हर प्रकार के दुर्गुणों एवं समस्याओं का इसे जनक बताया। आज जब हर ओर भाजपा को जन-जन का भारी आशीर्वाद मिल रहा है, कांग्रेस एवं इंडी-गठबंधन अपने सिद्धांतहीन, अवसरवादी एवं भ्रष्ट राजनीति के कारण अपने अस्तित्व तक बचाने में असमर्थ दिख रहे हैं। परिवारवादी राजनीति में इनका विश्वास एवं तुष्टीकरण की राजनीति से इनका प्यार के कारण देश में अनेक समस्याएं पैदा हुईं एवं लोगों को कई भयंकर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंडी-गठबंधन के गरीब विरोधी नीतियों के कारण देश में भ्रष्टाचार का विषबेल पनपा और फैला तथा सत्ता कुछ परिवारों की बपौती बन गई। देश की जनता के खून-पसीने की कमाई इसी गरीब-विरोधी परिवारवादी तंत्र ने दशकों तक लूटा। भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से स्वयं को दूर रखने वाली कांग्रेस एवं इसके इंडी-गठबंधन के दलों को जनता भलीभांति देख रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में जनता इन्हें कभी क्षमा नहीं करेगी। जहां राष्ट्रीय अधिवेशन का पूरा परिसर 'अबकी बार 400 पार', 'फिर एक बार-मोदी सरकार' एवं 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंज रहा था, वहीं कार्यकर्ताओं का अथाह उत्साह पूरे देश में व्याप्त वातावरण को परिलक्षित कर रहा था। अधिवेशन को रोमांचित करने वाला उमंग-उत्साह से परिपूर्ण वातावरण, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के भाषणों से कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास एवं समर्पण और भी अधिक सुदृढ़ हो रहा था।

---

### श्री सेन जी महाराज श्री हरि विष्णु, राम सीता, एवं हनुमान जी की उपासना में हमेशा रत रहते थे

**5 मई जयंती पर विशेष**

# मानवता के अनन्य अनुयाई भक्त शिरोमणि श्री सेन जी महाराज

**सेन जी महाराज ने स्वामी रामानंद जी से दीक्षा लेकर भक्ति मार्ग और मानव सेवा के मार्ग को अपनाकर मानवता की सेवा में अपना सारा जीवन व्यतीत किया। इन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार का भी काफी कार्य किया। सेन जी महाराज का जन्म विक्रम संवत 1557 में वैशाख कृष्ण द्वादशी दिन रविवार को वृत्त योग तुला लग्न में हुआ था। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार तेरहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मध्यप्रदेश के उमरिया जिले अंतर्गत बांधवगढ़(सेनपुरा) में हुआ था। आज इनकी 717 वीं जन्म जयंती मनाई जा रही है। इनको बचपन में नंदा के नाम से पुकारा जाता था। इनके पिता का नाम श्री चंद और माता का नाम सुशीला देवी था!**

सेन जी महाराज ने स्वामी रामानंद जी से दीक्षा लेकर भक्ति मार्ग और मानव सेवा के मार्ग को अपनाकर मानवता की सेवा में अपना सारा जीवन व्यतीत किया। इन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार का भी काफी कार्य किया। सेन जी महाराज का जन्म विक्रम संवत 1557 में वैशाख कृष्ण द्वादशी दिन रविवार को वृत्त योग तुला लग्न में हुआ था। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार तेरहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मध्यप्रदेश के उमरिया जिले अंतर्गत बांधवगढ़(सेनपुरा) में हुआ था। आज इनकी 717 वीं जन्म जयंती मनाई जा रही है। इनको बचपन में नंदा के नाम से पुकारा जाता था। इनके पिता का नाम श्री चंद और माता का नाम सुशीला देवी था!


संत सेन जी का विवाह मध्यप्रदेश के विजयनगर राज्य के राज वैद्य शिवन्या की सुपुत्री गजरा देवी के साथ संपन्न हुआ। इनके दो पुत्र और एक पुत्री मानी जाती हैं। सेन जी महाराज बहुत ही दक्ष और कार्यकुशल थे । शिक्षा में भी रुचि को देखते हुए बांधवगढ़ के महाराज ने इन्हें अपनी सेवा में रखा था। वहीं यह साधु संतों के सत्संग और समाज कार्य में रुचि भी लेने लगे थे। श्री सेन जी महाराज सत्संग और साधु संतों के सानिध्य में मानव सेवा और शिक्षण के कार्यों में काफी आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने लगे। साथ ही अपने जीविका उपार्जन के लिए भी राज दरबार में अपनी सेवाएं जारी रखी थी इनके कार्यों से राजदरबार के सभी ओहदेदार और महाराज भी काफी प्रसन्न रहते थे।

श्री सेन जी महाराज श्री हरि विष्णु, राम सीता, एवं हनुमान जी की उपासना में हमेशा रत रहते थे। वह सत्संग करते एवं साधु संतों की सेवा में लीन रहकर अपनी रचनाओं यानी कविताओं की कृतित्व में भी रमे रहते।

इनकी भक्ति के संबंध में इतिहासकार कहते हैं कि बघेलखंड के बांधवगढ़ में एक परम उदार और संतोषी विनयशील सेन नामक व्यक्ति जो नाई जाति के थे, वे निवास करते थे। संत सेन की भक्ति के बारे में यह उल्लेख है कि वह राज परिवार की सेवा के लिए नित्य राजदरबार और राजमहल में आते जाते थे। वे नित्य मेहनत और सेवा करके अपनी आजीविका के साथ साथ साधु संतों की सेवा में तल्लीन रहते थे। राजा और नगरवासी उनकी निःस्पृहता, सेवा और सज्जनता से काफी प्रसन्न और उनकी सराहना करते थे! संत सेन रोज सुबह स्नान ध्यान और भगवान की सेवा के पश्चात ही राजभवन के लिए जाते थे। जहां वे राजा और राजवंश के लोगों के कृपा पात्र बनकर उनके बाल बनाना और तेल मालिश पश्चात स्नान कराना उनके नित्यकर्म में था। संत सेन, भगवान के महान कृपा पात्र भक्त और विनय शील परम संतोषी व्यक्तित्व के थे। एक दिन उन्होंने देखा कि एक भक्त मंडली भगवान के नाम की मधुर स्वर में संकीर्तन कर रही है। तब वे अपने आप को रोक ना सके और संकीर्तन मंडली में शामिल व तल्लीन हो गए। इस बीच उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहा कि उन्हें नित्य की तरह अपने राजा महाराज वीर सिंह के कार्य के लिए राजभवन में जाना है।

उधर राजभवन में महाराज महावीर सिंह उनकी प्रतीक्षा में बैठे हुए थे और इधर संत सेन साधु संतों की सेवा भावना में लगे हुए थे। ऐसी विषम स्थिति देखकर के 'प्रभु' ने स्वयं सेन के रूप में महाराज महावीर सिंह और राज परिवार के सम्मुख उपस्थित होकर उनके सारे कर्तव्यों को संपादित किया। प्रभु ने संत सेन के रूप में अपने कंधे पर गमछा, कैंची , दर्पण और अन्य सामानों के साथ पेटी लटका रखी है। उनके मुख पर अलौकिक तेज और विलक्षण मुस्कान विराजमान है। उन्होंने राजा के सिर पर तेल लगा कर, मालिश कर और फिर दर्पण दिखाकर उन्हें संतुष्ट किया। भगवान लीला बिहारी के मालिश और सेवा से राजा ने असीम संतुष्टि का अनुभव प्राप्त किया। लीला बिहारी के कोमल हाथों से ऐसी संतुष्टि जो उन्हें मिली वह पूर्व में कभी नहीं प्राप्त हुआ था। राजा को लगा कि आज सेन के रूप में कोई अलौकिक शक्ति ही आई है उन्हें महसूस हुआ कि यह तो कोई दिव्य आत्मा है, जिनके छूते ही उन्हें परम आनंद और संतुष्टि की अनुभूति हुई थी। भक्त और संकीर्तन मंडली के जाने के बाद संत सेन को अकस्मात यह ज्ञात हुआ कि - अरे उन्होंने तो अपने राज दरबार के कर्तव्यों को ही भूल कर भयंकर गलती कर दी थी! महाराज की सेवा में उपस्थित ना होकर उन्होंने बड़ी भूल कर दी। वे तत्काल राजा की नाराजगी को सोचते हुए अपने सारे समान को उठाकर राजभवन की ओर चल पड़े। राजभवन में जब घबराए हुए संत सेन को सैनिकों ने देखा तो उन्होंने पूछ लिया कि क्या बात है? आप कुछ भूल रहे हैं या कुछ गलती हो गई कि जिससे आप ऐसे घबराए अवस्था में दौड़े आ रहे हैं! तब उन्होंने सैनिकों को बताया कि मैं आज भक्तों और साधु संतों के संगत में इतना तल्लीन हो गया था कि निर्धारित समय में मैं महाराज की सेवा में उपस्थित ही नहीं हो पाया और महाराज की नाराजगी के भय में मैं दौड़ा चला आ रहा हूं। तब सैनिकों ने आश्चर्य से भर कर कहा कि सेनजी आप तो कब का आ करके अपना काम कर दिए हैं। आपने तो आज अपने कार्य से राजा को परम संतुष्टि दी जिससे राजा बहुत प्रसन्न है और इसकी तो सारे नगर में चर्चा हो रही है। यह सुनकर सेन संत को भारी आश्चर्य हुआ और वे इस बात पर आश्चर्य चकित हो उठे।

संत शिरोमणि सेन जी महाराज ने हिन्दी, मराठी, गुरुमुखी और राजस्थानी में सेन सागर ग्रंथ रचा, जिसमें एक सौ पचास गीतों का उल्लेख मिलता है। गुरुग्रंथ साहब में भी सेन जी के कुछ पद संकलित हैं। संत शिरोमणि सेन जी महाराज आध्यात्मिक गुरू एवं समाज सुधारक के साथ उच्च कोटि के कवि भी थे। पंजाबी भाषा में हस्तलिखित सेन सागर ग्रंथ उपलब्ध है। कहा जाता है कि इसकी एक फोटो प्रतिलिपि देहरा बाबा सेन भगत प्रतापपुरा जिला जालंधर पंजाब में सुरक्षित रखी गई हैं। इसमें दो प्रकार की रचनाए दर्ज हैं। पहली रचनाओं में संत सेन जी की वाणियां दर्ज हैं। जिनकी मूल संख्या बैंसठ है। दूसरी रचना सेन जी के जीवन से संबंधित श्रद्धालु भक्त या किसी परिवार के सदस्य द्वारा लिखी गई है। सेन सागर ग्रंथ सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। इतिहासकार एच.एस. विलियम ने अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हुए कहा था कि सेन संत जी उच्च कोटि



के कवि थे। उनकी अलग अलग भाषाओं की रचना उनकी विद्वता को प्रमाणित करती है। उनकी मधुर रचनाऐं तथा भजन बड़े मनमोहक व भावपूर्ण थे। सेन जी अपनी वाणी में लिखते है - 'सब जग ऊंचा, हम नीचे सारे। नाभा, रविदास, कबीर, सैन नीच उसारे।।' सेन सागर ग्रंथ में सेन जी भगत रविदास जी साखी'।

तुलसी दल और तिलक चढ़ाया, भोग लपाया हरि धूप दवायां सेन दास हरिगुरू सेवा कीनी, राम नाम गुण गाया।।' इनके साहित्य की सबसे बड़ी उपलब्धि भी गुरूग्रंथ साहिब में आपकी वाणी का दर्ज होना। जिससे आपको बहुत बड़ा सम्मान प्राप्त हुआ और सेन समाज का भी गौरव बढ़ा है। गुरूग्रंथ साहिब में जहां सिक्खों के सभी गुरूओं की वाणियां दर्ज हैं। वही सभी संतों को इसमें सम्मान दिया गया है। जिसमे रविदास व कवीरदास के साथ साथ सेन जी महाराज भी एक हैं। सेन जी द्वारा रचित बहुत सी रचनाएं गुरूग्रंथ साहिब में संग्रहित हैं । संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज ने अपना देह त्याग सन 1440 इस्वी में किया था।

**- लेखक : सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

---

**एक आदर्श परंपरा एवं संस्कार है हिन्दू विवाह**

# हिन्दू विवाह पर सर्वोच्च अदालत का स्वागत योग्य फैसला

**देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परस्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है।**

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिन्दू विवाह को लेकर बड़ा फैसला देकर न केवल हिन्दू विवाह के संस्कारों एवं पारंपरिक रिवाजों को पुष्ट किया है बल्कि उन्हें कानूनी दृष्टि से आवश्यक स्वीकार किया है। आज जबकि हिन्दू विवाह की पवित्रता एवं परम्परा तथाकथित आधुनिक जीवन एवं प्रभाव के कारण धुंधली होती जा रही है, पाश्चात्य संस्कृति की आंधी में हिन्दू विवाह की पवित्रता समाज में समय के साथ घटी है और उसमें सुधार एवं सुदृढ़ता की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। बिना सात फेरों, हिन्दू रीति-रिवाजों एवं वैवाहिक आयोजनों के कोर्ट की दृष्टि में भी विवाह मान्य नहीं होगा। हिंदू विवाह पर कोर्ट का ताजा फैसला न केवल स्वागतयोग्य है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम सुखद होंगे। इससे हिन्दू संस्कृति एवं संस्कारों को बल मिलेगा। पारिवारिक-संस्था को मजबूती मिलेगी।


हिंदू विवाह से जुड़ा यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी 'गाने और डांस', 'शराब पीने और खाने' का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और गिफ्ट्स की मांग करने का मौका नहीं है। विवाह कमर्शियल ट्रांजैक्शन नहीं है। यह एक गंभीर बुनियादी सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजन है, जिसे एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध बनाने के लिए मनाया जाता है, जो भविष्य में एक अच्छे परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं। यह भारतीय हिन्दू समाज-व्यवस्था की एक बुनियादी इकाई एवं मजबूत सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयाम है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बिना सात फेरों के हिन्दू विवाह को मान्यता नहीं मिल सकती है अर्थात शादी के लिए हिन्दू विवाह अधिनियम में जो नियम और प्रावधान बनाए गए हैं उसका पालन करना होगा। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। अधिनियम के अनुसार, एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के पारंपरिक संस्कारों और समारोहों के अनुसार संपन्न किया जाएगा। समारोहों में सप्तपदी (दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के चारों ओर संयुक्त रूप से सात कदम उठाना) शामिल है और जब वे सातवां चरण एक साथ लेते हैं तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। कुल मिलाकर हिन्दू विवाह एक संस्था है, संस्कार है और विवाह कोई व्यावसायिक लेन-देन नहीं है।

कोर्ट ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और उससे जुड़े समारोह जरूरी हैं। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। कोर्ट की सात फेरों और उससे जुड़े समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश हिन्दू विवाह को न केवल मजबूती प्रदान करेंगी बल्कि आधुनिकता की आंधी में धुंधलाते मूल्यों को नियंत्रित करने का काम करेगी।

इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने प्रासंगिक एवं उपयोगी फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। पारंपरिक संस्कारों या सात फेरों जैसी रीतियों के बिना हुए विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 7 के अनुसार हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। इस वजह से कोर्ट ने युवा पुरुषों और महिलाओं से आग्रह किया हैं कि वो विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले इसके बारे में गहराई से सोचें और भारतीय समाज में उक्त संस्था कितनी पवित्र है, इस पर विचार करें।

प्रश्न है कि हिन्दू विवाह को लेकर कोर्ट को जागरूक होने एवं हिन्दू संस्कारों को मजबूती देने की जरूरत क्यों पड़ी? हिन्दू विवाह से जुड़े संस्कारों एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों को लेकर अनेक मामले कोर्ट की चौखट पर आते रहे हैं, हर बार कोर्ट सजगता, दूरदर्शिता एवं विवेक से विवाह-संस्था से जुड़े मामलों पर अपना नजरिया प्रस्तुत करती रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्यप्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है।

कुल मिलाकर, न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है और विशेषतः हिन्दू संस्कारों एवं संस्कृति को बल देने की भी। क्योंकि भारत में परिवार संस्था कायम है तो इसका कारण हिन्दू संस्कार एवं परम्पराएं ही हैं। इस तरह कोर्ट ने अपने फैसले में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत हिंदू विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट किया है। हिन्दू विवाह एक आदर्श परम्परा एवं संस्कार है। हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। विवाह = वि .वाह, अतः इसका शाब्दिक अर्थ है - विशेष रूप से उत्तरदायित्व का वहन करना। पाणिग्रहण संस्कार को सामान्य रूप से हिंदू विवाह के नाम से जाना जाता है। अन्य धर्मों में विवाह पति और पत्नी के बीच एक प्रकार का करार होता है जिसे विशेष परिस्थितियों में तोड़ा भी जा सकता है परंतु हिंदू विवाह पति और पत्नी क बीच जन्म-जन्मांतरों का सम्बंध होता है जिसे किसी भी परिस्थिति में नहीं तोड़ा जा सकता। अग्नि के सात फेरे लेकर और ध्रुव तारा को साक्षी मान कर दो तन, मन तथा आत्मा एक पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। यह दो परिवारों का भी मिलन है। हिंदू विवाह में पति और पत्नी के बीच शारीरिक संबंध से अधिक आत्मिक संबंध होता है और इस संबंध को अत्यंत पवित्र माना गया है। हिन्दू विवाह का न केवल पारिवारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है, बल्कि उसका गहन आध्यात्मिक महत्व भी है। हिंदू धर्म ने चार पुरुषार्थ (जीवन की चार बुनियादी खोज), यानी धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष निर्धारित किया है। विवाह संस्कार का उद्देश्य 'काम' के पुरुषार्थ को पूरा करना और फिर धीरे-धीरे 'मोक्ष' की ओर बढ़ना है। एक पुरुष और महिला के जीवन में कई महत्वपूर्ण चीजें शादी से जुड़ी होती हैं, उदाहरण के लिए, पुरुष और महिला के बीच प्यार, उनका रिश्ता, संतान, उनके माता-पिता, उनके जीवन में विभिन्न सुखद घटनाएं, सामाजिक स्थिति और समृद्धि। हिंदू समाज में एक विवाहित महिला को अत्यंत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।



उसके माथे पर कुमकुम-सिन्दूर के साथ एक महिला की दृष्टि, उसके गले में एक मंगलसूत्र पहने हुए, हरी चूड़ियां, पैर के अंगूठे के छल्ले और छह या नौ-यार्ड साड़ी स्वचालित रूप से एक पर्यवेक्षक के मन में उसके लिए सम्मान उत्पन्न करता है। हिंदू विवाह के सात वचनों में से, कम से कम तीन ऐसे हैं, जहां जोड़े अपने बुजुर्गों की देखभाल करने का वादा करते हैं। पांचवां वचन अपनी संतान पैदा करने और उसकी देखभाल करने का है।

हाल के वर्षों में, भारत में हिन्दू विवाह परम्परा एवं संस्कृति से अनेक विसंगतियां एवं विकृतियां जुड़ गयी हैं, डेटिंग संस्कृति की शुरुआत के साथ, लव-मेरिज का प्रचलन बड़ा है। संभावित दूल्हा और दुल्हन अपने दम पर जीवनसाथी चुनना पसंद करते हैं। आज के रोमांटिक-रिश्ते वास्तव में विवाह नहीं हैं, बल्कि एक नई प्रथा है, जिसके विपरीत प्रभाव से परिवार-संस्था बिखरने लगी है। विवाह के साथ प्रीवेडिंग का प्रचलन भी अनेक विकृतियों का वाहक बना है, बड़े-बड़े भव्य आयोजन एवं होटल संस्कृति ने भी विवाह की पवित्रता को धुंधलाया है। आयोजनों में शराब एवं अन्य नशों का बड़ा प्रचलन भी दुर्घटनाओं का कारण बना है। जिनके कारण विवाह होने से पहले ही उसमें दरारें पड़ते हुए देखी गयी हैं।

***- लेखक : ललित गर्ग***

---

## चिंतन-मनन

# संत की उदारता

विख्यात संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे।

गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई।

खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो। इस पर कभी सोचा है? यह सुनते ही एकनाथ जी के भीतर वैराग्य जागा और दुनिया के कामकाज से उनका मोहभंग हो गया। उन्होंने उसी समय सब कुछ छोड़ देने का फैसला किया। वे अपने गुरु से दीक्षा लेकर पर्वत पर जाकर तपस्या करने लगे।

तपस्या के बाद वे अपनी जन्मभूमि के निकट पिपलेश्वर महादेव में रहने लगे। पर थोड़े ही समय बाद वे विवाह कर गृह संन्यासी बन गए। एकनाथ जी ने गुरू के आदेश का पालन किया।

विवाह के बाद उनके घर में नित्य कीर्तन होता और अन्न वितरण किया जाता। एक दिन कीर्तन में कुछ चोर आ गए। उन्होंने घर का सभी सामान समेट लिया। फिर उन्होंने देवमूर्ति के आभूषण चुराने का प्रयास किया। वहीं एकनाथ जी ध्यानमग्न बैठे थे। उन्होंने चोरों से कहा- तुम्हें इनकी बहुत अधिक आवश्यकता होगी अन्यथा इतनी रात गए भला कोई जोखिम क्यों उठाता? तुम सब मुसीबत के मारे लगते हो। चिंता मत करो।

मुझसे जो मदद होगी, मैं करूंगा। यह कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली की अंगूठी भी उतार कर उन्हें दे दी। यह देख चोर लज्जित हुए। वे एकनाथ जी के चरणों में गिर गए और उन्होंने कभी चोरी न करने का संकल्प लिया।

## कविता

# श्रम

श्रमिक बनो, स्वाभिमान से जीवन उत्कर्ष कर लो,
मेहनत से कमाई रोटी से जीवन सुखमय कर लो ।।
श्रम जीने की आक्सीजन है,
इसी से मिलता भोजन है,
याने, घर की छप्पर है,
मुस्कराते बीबी, बच्चों का आनंद है,
श्रम से घरबार भरापूरा परिवार कुनबा हमारा,
श्रम नहीं तो मरघट सा सुनसान जीवन सारा।।

श्रम सीरियल सा चलता है एक के बाद अंत तक,
जब श्रम खतम तो जीवन असफल है, मजबूर है,
चिंताओं से घिरा कुरूक्षेत्र, बंजर भूमि के समान है।।
इसीलिये श्रम से जीतो तन मन और सारा संसार,
श्रम करने वालों की पूजा होती, मिलता ढेरों प्यार।।
श्रमिक बनो, स्वाभिमान से जीवन उत्कर्ष कर लो,
मेहनत से कमाई रोटी से जीवन सुखमय कर लो ।।

***- जयश्री वर्मा***

## विचार-मंथन

# उचित कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत

सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद, बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं। हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं। हालांकि इन मामलों के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी। भाजपा के एक नेता ने तो कहा है कि उन्हें एक वर्ष पहले ही ये वीडियो उपलब्ध हो गए थे और उन्होंने रेवन्ना को चुनावी टिकट देने से केंद्रीय समिति को रोका था, मगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी जानकारी आई है कि रेवन्ना खुद करीब एक वर्ष पहले इसी मामले में अदालत से स्थगन आदेश ले आए थे। यानी मामला बिल्कुल ताजा नहीं है। हैरानी की बात है कि न केवल इस प्रकरण को दबा-छिपा कर रखा गया, बल्कि रेवन्ना को फिर से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया गया। यह बेहद भयावह है कि रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। घरेलू सहायिकाओं, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर हर तरह की महिलाओं का यौन शोषण किया। वे खुद इसलिए अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाते थे, ताकि उनके आधार पर वे उन महिलाओं को डरा-धमका कर चुप रहने को बाध्य कर सकें। हालांकि यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते नहीं थकते, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आने लगता है, तो उसे बचाने या ढंक-छिपा कर रखने का प्रयास करने लगते हैं। अब देखना है कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती तथा रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

***- आचरण डेस्क से***

# शहर में बिछाया जा रहा है सड़कों का जाल : नपाध्यक्ष



गुना, नगर संवाददाता।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डामरीकरण का कार्य निरंतरा तीव्र गति से चल रहा है। इसी क्रम में केंट सदर बाजार की सड़क पर डामरीकरण कार्य कराया गया है। जिसका निरीक्षण करने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने बीती रात किया। उन्होंने एजेंसी को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही सड़क की मोटाई (थिकनेस) का भी निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण कार्य से केंट क्षेत्र के दुकान दारों और रहवासियों को गड्ढों से राहत मिली व उनको आने जाने में केंट सदर बाजार में सुविधा मिलेगी। इसके मद्देनजर नागरिकों में प्रसन्नता है। उन्होने कहा कि शहर में निरंतर सड़कों का जाल बिछ रहा है। शहर वासियों सहित केंट क्षेत्र के नागरिकों में नपाध्यक्ष के प्रति हर्ष है। नपाध्यक्ष के अनुसार नई सड़क, बांसखेडी, खटीक, मोहल्ला से कोल्हूपुरा से नई मंडी सड़क कार्य भी शीघ्र पूर्ण होगा। निरक्षण के दौरान पार्षद तरुण सेन, राजेश शाहू, दिनेश ओझा, मनोज शर्मा, गुड़िया अष्ठाना आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को मिली पोषण आहार की राशि

गुना। प्रदेश की भाजपा सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सहरिया महिलाओं को पोषण आहार भत्ते की राशि प्रदान की है। केंद्रीय मंत्री एवं शिवपुरी-गुना संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्यशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की पहल पर यह राशि मिली है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सहरिया महिलाओं प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपये पोषण आहार राशि के रूप में मिलती है। यह राशि पिछले चार माह से उन्हें प्राप्त नहीं हुई थी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया को सहरिया महिलाओं ने इस समस्या के बारे में अवगत कराया। इस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान में लेकर इस विषय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर जल्द राशि मुहैया करवाने को आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत राशि स्वीकृत की। जिसमें गुना व शिवपुरी जिले की हितग्राही महिलाओं के खातों में तीन हज़ार प्रत्येक महिला के हिसाब से पहुँच चुके हैं। अशोकनगर में महिलाओं के खाते में माह फरवरी,मार्च अप्रैल व मई माह के कुल छह हज़ार रुपये की राशि आ चुकी है।

## वारंटी गिरफ्तार

गुना। अलग-अलग दो प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी भूरालाल भील पर न्यायालय चांचौड़ा से न्यायालयीन प्रकरण क्र. 238/19 एवं 239/19 में गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग दो स्थाई वारंट जारी किए गए थे। मुखबिर से मिली सूचना पर मृगवास थाना पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

गुना। जिले के कैंट थानांतर्गत एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विकास नगर निवासी राहुल पुत्र श्याम मुरारी शर्मा ओप्पो कंपनी में काम करते है। वह कंपनी के काम से गत दिवस सुबह पड़ोसी जिले अशोकनगर गए हुए थे। जहां से वह शाम को एक साथी सहित बाइक से वापस गुना लौट रहे थे। इसी बीच शाम को पगारा टोल नाका व टोरिया के बीच अज्ञात बस ने उसकी बाइक में टकर मार दी, जिससे राहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी बाइक पर रहा अमर जैन गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दिव्यांगों ने दिया संदेश, सौ फीसदी करें मतदान

गुना, नगर संवाददाता।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को दिव्यांग हितार्थ संस्था सक्षम द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु दिव्यांग वाहन एवं स्कैटिंग महारैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से दिव्यांगो ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। जिसमें शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किया गया । यह रैली गुना कलैक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर हनुमान चौराहा, तेलघानी, जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड होते हुए पुनः कलैक्ट्रेट पहुंची । दिव्यांगों ने रैली में उत्साह से भाग लिया। इस दौरान मतदाता जागरूकता के नारे लगाए गए। इससे पहले जिला एडिशनल सीईओ ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिव्यांगों ने शहर में परिवार सहित शत प्रतिशत मतदान करने एवं मित्रों, परिचितों को शत प्रतिशत मतदान कराने का अनुरोध किया। रैली समापन के अवसर पर कलैक्ट्रेट परिसर में सक्षम के जिला अध्यक्ष गोपाल सक्सेना ने दिव्यांगों को संबोधित किया । प्रांत सह कोषाध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह धाकड़ ने आभार माना।इसमें सक्षम के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, गुना तहसील संयोजक देशराज सिंह राजपूत, बमौरी तहसील संयोजक नारायण बंजारा, जिला रोलर स्केटिंग संघ के कोच जगवीर सिंह एवं कोच आशा सिंह सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग एवं स्कैटर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# नरेन्द्र मोदी की गारंटी यानि विश्वास की गारंटी : शर्मा




गुना, नगर संवाददाता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी विकास की गारंटी है। हर गारंटी के पूरा होने की गारंटी है। यानि यह विश्वास की भी गारंटी है। इसी गारंटी के रुप में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर आपके बीच में है। आगामी 7 मई को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाकर रोडमल नागर को विजयी बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करे। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रोडमल नागर ने कही। नागर रामनगर ग्राम पंचायत में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होने भाजपा की प्रदेश और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि विकास की यह गति बनी रहे। इसके लिए भाजपा को जिताना जरुरी है। शर्मा के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा किया है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में शांति है। पाकिस्तान के हौसले पस्त है। अब जब कभी कोई पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान घबराकर कहता है कि इसमें उसका हाथ नहीं है।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे रोड शो

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शोरगुल वाले चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल 5 मई को राघौगढ़ आ रहे है। मुख्यमंत्री इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष में रोड शो करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिभा सम्मान का समारोह आयोजित

दतिया। विद्या भारती द्वारा संचालित डॉ. आंबेडकर सरस्वती शिशु मंदिर दतिया में कक्षा पंचम एवं अष्टम के भैया बहनों का विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता प्राचार्य एवं प्रबंधक केशव बाल विकास समिति दतिया, विशिष्ट अतिथि ब्रह्मदत्त श्रीवास्तव प्रधानाचार्य भरतगढ़ दतिया, राधा मोहन गुप्ता प्रीति ज्वेलर्स एवं शैलेंद्र खरे शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश यादव शिक्षक ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथि परिचय सुनील श्रीवास्तव प्रधानाचार्य द्वारा एवं संचालन संतोष एवं आभार प्रदर्शन मुकेश द्वारा किया गया। कक्षा पंचम एवं अष्टम का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी रहा। प्रतिभावान भैया बहनों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र खरे द्वारा विद्यालय को दो पंखे दान किए गये। कार्यक्रम में उप समिति पदाधिकारी हरि किशोर प्रजापति, बृजेश एवं महेश दिसोरिया शिक्षक एवं सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहीं।

### समर कैंप में खेल-कूद के साथ हुईं गायन-वादन प्रतियोगिताएं

भांडेर। जिले में चल रहे सीएम राइज शासकीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया रहा है। इसी क्रम में सीएम राइज विद्यालय भांडेर में चल रहे समर कैंप के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों में खेल–कूद, गायन –वादन, संगीत आदि गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संतोष अग्रवाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भीष्म देव श्रीवास्तव, शिक्षक गण अरुण त्रिपाठी, मनीष बोरगांवकर, राजेश झारखडिया, राहुल त्रिपाठी, यूनुस बख्श, भरत देव श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिपाठी, प्रीति नगरिया, सुल्ताना सिद्दीकी, अभय शर्मा सहित शिक्षक पीटीआई उधम सिंह, नरेश भारती, जितेंद्र प्रजापति, हरदास वर्मा, कन्हैयालाल इत्यादि उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में डिजिटल रजिट्रेशन प्रारंभ

दतिया। भारत सरकार की मंशानुशार आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं एचआईएमएस के मापदंडों के आधार पर दतिया मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल की ओपीडी और आईपीडी अब डिजिटल हो गई हैं, जिसका फायदा ये होगा कि मरीजों को ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए लंबी लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। इसके लिए मोबाइल में बीएचए एप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर क्यूआर कोड स्कैन करके जो टोकन नंबर प्राप्त होगा, उसे ओपीडी काउंटर पर बताने पर तुरंत ओपीडी पर्चा प्राप्त कर सकेंगे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया मध्य प्रदेश के अधिष्ठाता डॉ. दीपक सिंह के निर्देशन में एचआईएमएस के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा का इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया गया।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर वार्डबॉय निलंबित

दतिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर वार्ड बॉय को निलंबित कर दिया है। वार्ड बॉय को निलंबित करने की अनुशंसा अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने की थी। निलंबित वार्ड बॉय का नाम कपिल परिहार है। निलंबन अवधि में कपिल परिहार वार्ड वाय जिला चिकित्सालय दतिया का मुख्यालय मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी भांडेर निर्धारित किया जाता है तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार निंलबन भत्ते की पात्रता रहेगी।

# एसएएफ जवानों से भरी बस पलटी, 31 घायल

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में ड्यूटी के बाद दतिया लौट रहे थे

नगर संवाददाता, दतिया।



जिले में भांडेर रोड मोहना हनुमान मंदिर के पास शनिवार शाम करीब 4.30 बजे बस पलटने से 31 एसएएफ जवान घायल हो गए हैं। बस में 40 जवान सवार थे। ये सभी सीएम डॉ. मोहन यादव के भांडेर में आयोजित चुनावी कार्यक्रम में ड्यूटी के बाद लौट रहे थे। घटना के बाद घायलों के उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, रास्ते में सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने बस को दूसरी तरफ मोड़ दिया, जिससे बस खंती में जाकर पलट गई।

घटना को लेकर एसएएफ अधिकारियों का कहना है कि, जवान चुनाव ड्यूटी करने के बाद दतिया वापस 29वीं बटालियन लौट रहे थे। बस जैसे ही भांडेर रोड मोहना हनुमान मंदिर के पास पहुंची। तभी ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस पलट गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दतिया एसपी वीरेंद्र मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी के साथ घायलों के उपचार की जानकारी ली। घायलों के मुताबिक, हादसा दतिया की ओर से आ रही सवारी टैक्सी को बचाने के चक्कर में हुआ है।

# पुलिस ने हथियार तस्कर पकड़ा एक पिस्टल, 4 देशी कट्टे जब्त



नगर संवाददाता, दतिया।

कोतवाली पुलिस शनिवार को एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्टल, 4 देशी कट्टे और जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।

टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसके बताए स्थान से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अनुराग दुवे पुत्र स्व. हरीराम दुवे उम्र निवासी माली वाली गली मुडियन का कुआं दतिया है। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक पिस्टल, 4 देशी कट्टे और एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी इन हथियारों को बेचने की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सनातन को गाली देने वालों से हिसाब चुकता करने को तैयार रहें : मुख्यमंत्री

नगर संवाददाता, दतिया।



देश और प्रदेश का विकास बीजेपी की सरकार में हुआ है। जब तक देश के अंदर बीजेपी की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है, तब तक किसान और जवान और महिलाओं को सम्मान मिलता रहेगा। मेरी विधानसभा में 500 यादव भी नहीं, फिर भी बीजेपी ने मुझे मौका दिया है, जो सनातन धर्म को गाली देने वाले हैं, उनसे हिसाब चुकता करने के लिए तैयार रहें। 7 मई को प्रधानमंत्री मोदी को ताकत देने का काम करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को स्थानीय मेला मैदान में लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेरे घर में 7 पीढ़ी में कोई विधायक या सांसद नहीं बना। मेरे घर परिवार में भी खेती-बाड़ी होती है। खेती किसानी के परिवार से आने वाला बच्चा यदि मुख्यमंत्री के पद तक पहुंच सकता है तो यह कमल की फूल की पार्टी भाजपा वाले ही कर सकते हैं और कोई नहीं कर सकता। कांग्रेस के लोगों के दिल पर सांप लोटते हैं, हमारी योजनाओं के बारे में जान कर। हमने लाड़ली बहना का पैसा दिया, उसे बंद नहीं होने दिया। कांग्रेस नेता हमेशा से ही महिलाओं का अपमान करते आ रहे हैं, इनकी मानसिकता खराब है।

उन्होंने कहा कि यह लोग भगवान राम पर सवाल खड़े कर तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। कांग्रेस के राज में हमारे सैनिक के सिर काटकर उससे फुटबॉल खेला जाता था। लाचार कांग्रेस की सरकार बस टुकुर-टुकुर देखा करती थी, लेकिन जवानों के अपमान का बदला नहीं ले सकती थी। उन्होंने कहा - मुझे गर्व है कि हमारी सरकार 56 इंच के सीने वाली सरकार है। नरेंद्र मोदी की सरकार है। साल 2013 के बाद से जब से मोदी सरकार आई है, तब से पाकिस्तान में दम नहीं कि हमारे सैनिकों को हाथ लगा सके। बता दें सीएम करीब 3 घंटे देरी से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा की भिंड-दतिया सांसद प्रत्याशी संध्या राय, पूर्व सांसद भागीरथ प्रसाद, सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल, पूर्व बैंक अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रूपसिंह सेंगर, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, डॉ. आशाराम अहिरवार, डॉ. कमलापत आर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष दतिया विक्रम बुंदेला, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बलदाऊ यादव, भानू ठाकुर सहित तमाम भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# खेतों में भड़की आग से मजदूर की बाइक, कपड़े गृहस्थी का सामान जला

सेंवढ़ा। प्रशासन की कई चेतावनियों के बावजूद खेतों में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि आग कौन लगाता है इसका खुलासा इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं लगती। ताजा घटना सेंवढ़ा तहसील के दावनी गांव की है। यहां शनिवार की दोपहर खेतों से आग की लपटें उठती देखी गई। कुछ ही देर में लगभग 2 हजार बीघा कृषि भूमि जल कर खाक हो गई। हालांकि खेतों में फसल नहीं थी पर कुछ खेतों में भूसा रखा था। वह जल गया। सबसे बड़ा नुकसान एक मजदूर परिवार का हुआ जो कि कटाई के बाद खेत में ही झोपड़ा बना कर रहा रहा था। आग लगते वक्त वह पशु चराने चला गया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार आग लगने की शुरूआत विजयपुरा गांव से सटे खेतों से हुई। गर्म हवाओं के साथ आग ने अपना रूप जल्द ही विकराल कर लिया। जब तक फायर ब्रिगेड तक सूचना पहुंची तब तक आग नहर की पट्टी होते हुए दावनी मौजे को कवर कर चुकी थी। कुछ ही देर में पूरे खेत जलने लगे। आग बुझी तो एक झोपड़ा खाक हो चुका था। यह झोपड़ा सनवत खान पुत्र केलम खान का था। सनवत के द्वारा सेंवढ़ा थाना में दिए गए आवेदन में बताया गया कि आग में उसके परिवार के कपड़े, बर्तन, गृहस्थी का सामन और बाइक जल कर खाक हो गए। उसका एक लाख से अधिक का नुकसान आगजनी से हो गया।

# सबसे पहले वोट डलेगा, चूल्हा उसके बाद जलेगा : भार्गव




नगर संवाददाता, दतिया।

डाइट परिसर दतिया में विकासखण्ड व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र 2 दतिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया एवं स्वीप के नोडल अधिकारी कमलेश भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परियोजना समन्वपयक दतिया महेन्द्र प्रताप सेंगर द्वारा की गई । विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत एमडीएम सेल प्रभारी सीमा डंडोतिया उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा सभी व्यंजनों का परीक्षण किया गया एवं चखा गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री भार्गव ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं अधिक से अधिक लोगों को मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण एवं शहरी स्वसहायता समूहों से 35 समूहों द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता की गई, जिसमें प्रथम स्थान का पुरस्कार मां विद्या वाहिनी स्व सहायता समूह होलीपुरा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार स्वसहायता समूह हाथीखाना को एवं तृतीय पुरस्कार नर्मदा स्व सहायता समूह वार्ड क्रमांक 32 को प्रदान किया गया। सभी सहभागी रसोइयों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन विकाखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं ब्लॉक एमडीएम प्रभारी दतिया विकास शुक्ला द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में राजेश पैंकरा, ऋतु उपाध्यााय रही । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद जाटव, पंचम सिंह सूत्रकार, मानसिंह यादव, नीरज श्रीवास्तव, संजीव नामदेव, मोहतीज अली, राजकुमार मॉझी, अनिल श्रीवास्तधव, गणेश श्रीवास्तरव, भगवत कुशवाहा, बलवीर सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही ।

## किसान को गोली मारी, 5 आरोपियों पर मामला दर्ज

सेंवढ़ा। पैसों के लेनदेन का विवाद शुक्रवार देर शाम राकेश पुत्र शालिगराम मिश्रा निवासी नो-तेले का डेरा बेरछा पर पांच लोगों ने जानलेवा हमला किया। मामले में पुलिस ने राकेश की शिकायत पर चार नामजद समेत कुल 5 पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला कायम किया है। अतरेटा थाना प्रभारी यतेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि 8 बजे डायल 100 पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस ग्राम नोतेले का डेरा बेरछा पहुंची। यहां कृषक राकेश पुत्र शालिगराम मिश्रा अपने खेत की कोठी पर गंभीर घायल अवस्था में मिला। वह खेत पर अकेले थे। पुलिस ने घायल राकेश को इलाज के लिए सेंवढ़ा सिविल अस्पताल पहुंचाया। मामले में फरियादी राकेश ने बताया किब्रजेश उर्फ पिंटू पुत्र अमोल परिहार, जयवेंद्र पुत्र अमोल परिहार, सुनील पुत्र अमोल परिहार एवं देवेंद्र सेन सभी निवासी नोतेले का डेरा बेरछा ने एकराय होकर गोली मारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रक में फंसी बिजली की केबल, पोल उखड़ा, छज्जा गिरा, जनहानि नहीं

नगर संवाददाता, दतिया।

नगर में शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे एक ट्रक चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। घटना में ट्रक के ऊपर बिजली की सप्लाई लाइन उलझ गई। नशे में धुत ट्रक चालक ने इसकी सुध नहीं ली। नतीजा यह हुआ कि चलते ट्रक ने केबल को खींचते हुए पोल तक गिरा दिया। इस हादसे में एक बाइक भी जल गई है। यह क्रम सड़क पर 300 फीट तक चलता रहा। इससे नगर के मुख्य बाजार की सप्लाई बंद हो गई।

गनीमत यह रही कि घटना रात के वक्त हुई, अगर दिन होता तो कई लोगों की करंट से जान भी जा सकती थी। वहीं गेहूं से भरे ट्रक तक चिंगारी नहीं पहुंची, वरना वह भी जल कर खाक हो सकता था। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर रख लिया है तथा अज्ञात चालक के खिलाफ बिजली कंपनी के जेई एवं आम लोगों की शिकायत पर मामला कायम कर लिया है।

शुक्रवार की रात सवा दस बजे गेहूं से लोडेड 16 पहिया ट्रक क्रमांक यूपी 93 बीटी 5049 सदर बाजार से गुजरा। ट्रक जैसे ही पुरानी कोठी के सामने पहुंचा तो साइड में लगे बिजली के पोल से निकली मेन सप्लाई लाइन उससे उलझ गई। नशे में धुत चालक लाइन खींचता हुआ आगे बढ़ता गया। ट्रक के प्रेशर से पहले पोल गिरा फिर केबल टूट कर जमीन में गिरी और जलने लगी।

पास में खड़ी एक बाइक उसकी चपेट में आ गई। थोड़ी दूर पर किशोर ज्वेलर्स की मार्केट पर एक तार छज्जे से बंधा होने के कारण न सिर्फ तार नीचे आ गया, बल्कि छज्जा भी टूट गया। यह क्रम पूरी सड़क पर 300 फीट तक चलता रहा। बाजार में कम लोग होने के कारण सड़क सूनी थी वहीं जो लोग गुजर रहे थे वह भी दौड़ लगाकर इधर उधर होते गए। प्रत्यक्षदर्शी मानव खान के अनुसार लोगों ने बहुत आवाज दी पर ट्रक चालक ने नहीं सुनी।

आखिर दरवाजा पार कर जब वह बस स्टैंड पहुंचा तो एक बोलेरो चालक ने अपनी गाड़ी आगे लगा दी और ट्रक चालक वाहन छोड़ कर भाग गया। रात में नगर का आवागमन बाधित रहा। तस्वीरें पूरी त्रासदी की गवाह हैं। 200 मीटर मेन लाइन केबल बर्बाद हो गई। पोल जमींदोज हो गए। पूरी स्ट्रीट लाइटें नष्ट हो गईं। नगर के एक बड़े हिस्से की सप्लाई 20 घंटे बाधित रही। वहीं जब बिजली विभाग ने नई केबल डालने का कार्य किया तो 8 घंटे पूरे नगर की ही सप्लाई बद कर दी गई।

### 11 केवी लाइन का तार टूटा, बड़ा हादसा टला

कस्बे में शनिवार की शाम पंजाब नेशनल बैंक के ठीक सामने 11 केवी लाइन का तार भी अचानक टूट गया। इस घटना के बाद दो तार आपस में जुड़ गए ओर कई लोगों के घरों के कूलर पंखे, इन्वर्टर फुंक गए। घटना के बाद बिजली कंपनी ने सप्लाई बंद कर दी। इस प्रकार 20 घंटे तक सप्लाई बाधित रहने से परेशान सदर बाजार के लोगों को एक बार फिर बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

# धधक रहे हैं धरती के फेफड़े, हो रहा पर्यावरण का विनाश

जयसिंह रावत

धरती पर जीवन जीने के लिए अति आवश्यक ऑक्सीजन के उत्पादन में एल्गी या शेवाल के बाद वनों की महती भूमिका को देखते हुए वनों को धरती के फेफड़ों की संज्ञा भी दी जाती है। लेकिन जब फेफड़े ही जल रहे हों तो फिर स्थिति की गंभीरता को आंका जा सकता है। अगर आप भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के वनाग्नि डेशबोर्ड पर 24 अप्रैल की सुबह की ताजा स्थिति पर नजर डालें, तो आपको देशभर में पृथ्वी के दहकते फेफड़ों में मची तबाही का मंजर साफ नजर आएगा।

## देश के 13 राज्यों में भड़क रही जंगल की आग

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह से प्राप्त वनाग्नि के दृश्यों के विश्लेशित आकड़ों की पल-पल की जानकारी राज्यों के वन विभागों को देता है, जिससे की वनाग्नि को बुझाने के लिए तत्काल कार्यवाही कर सकें। विभाग के डैशबोर्ड पर 24 अप्रैल की प्रातः उत्तर से लेकर दक्षिण तक देश के 13 राज्यों में 62 वन क्षेत्रों में भीषण आग लगी हुई थी, जिनमें हिमालयी राज्य उत्तराखण्ड में सर्वाधिक 30 स्थानों पर जंगल भयंकर रूप से धू-धू कर जल रहे थे। हिमालय पर लपटें कितनी खतरनाक हैं, उसे बढ़ती दैवी आपदाओं से साफ महसूस किया जा सकता है।

डैशबोर्ड में दूसरे नम्बर पर 8 घटनाओं के साथ आन्ध्र प्रदेश, 6 के साथ बिहार और 3 अग्निकांडों के साथ झारखण्ड को दर्शाया गया था। बाकी राज्यों में एक या दो घटनाऐं दर्शायी गयीं थी। यही नहीं डैशबोर्ड में 17 अप्रैल से 22 अप्रैल तक के सप्ताह में हुए भीषण अग्निकाण्डों में उड़ीसा को पहले और उत्तराखण्ड को दूसरे स्थान पर दर्शाया गया था। उसके बाद वन बाहुल्य छत्तीसगढ़, और झारखण्ड की स्थिति बताई गई है।

सरकारी विवरणों को अगर देखें तो वनाग्नि के नुकसान में केवल पेड़ों की गिनती करने के साथ ही आर्थिक नुकसान का आंकलन कर दिया जाता है, जबकि वन पेड़ पौधों और जीवों की प्रजातियों की एक विशाल श्रृंखला के प्राकृतिक घर हैं, जिनमें से कई प्रजातियां अन्यत्र कहीं नहीं पाई जाती हैं। जंगल में बड़े पेडों के अलावा छोटी नाजुक वनस्पतियां, लाइकेन्स के साथ ही जीवों की हिरन, लोमड़ी, गुलदार जैसे स्तनपायी जीव प्रायः भागकर जान बचाने में कामयाब हो सकते हैं। लेकिन पक्षी, तितलियां, मक्खियां, मकड़े, कीड़े-मकोड़े, मेंढक, दीमक, रेंगने वाले सांप, छिपकलियां और केंचुए जैसे अनगिनत जीव प्रजातियां खाक हो जाती हैं।

आप कह सकते हैं कि वनाग्नि से भरा पूरा वन्यजीव संसार खाक हो जाता है। जबकि चींटी और दीमक से लेकर बड़े स्तनपाई जीवों तक हर एक को प्रकृति ने कुछ न कुछ दायित्व सौपा हुआ है। उदाहरण के लिए अगर वनों में दीमक न होंगे तो मिट्टी में उपजे बड़े पेड़ फिर मिट्टी में कैसे मिल पाएंगे।

वनों को पृथ्वी के फेफड़े इसलिए माना जाता है, क्योंकि मानव फेफड़े की तरह वन ऑक्सीजन का उत्पादन करने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम सांस में ऑक्सीजन लेते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। हमारी त्यागी गई कार्बनडाइआक्साइड वृक्षों के काम आती है और पादपों द्वारा छोड़ी गई ऑक्सीजन हमारे काम आ जाती है। वन प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वे पृथ्वी के वायुमंडल में गैसों के संतुलन को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं।



जंगल की आग से उत्पन्न धुआं और राख हवा की गुणवत्ता को खराब करता है, जिससे आस-पास के समुदायों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा हो सकता है। जंगल की आग बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को वायुमंडल में छोड़ती है, जो जलवायु परिवर्तन में योगदान करती है और ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाती है। इस धुंवे में ब्लैक कार्बन होता है जो कि ग्लोबल और लोकल वार्मिंग का बढ़ाता है और इसका ऐरासोल वृद्धि के साथ ही अतिवृष्टि में भी सीधा योगदान होता है। जंगल की आग एक वैश्विक समस्या है। ऑस्ट्रेलिया, अमेजॉन, कनाडा के लम्बे समय तक दहकने वाले अग्निकांड इतिहास में दर्ज हैं। चूंकि अब धीरे-धीरे धरती का वनावरण सिमट रहा है इसलिए बचे-खुचे जंगलों की आग और अधिक विनाशकारी साबित हो रही है।

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग के आंकड़ों के अनुसार देश का 36 प्रतिशत वनक्षेत्र अक्सर वनाग्नि से धधकता रहता है और इसमें से भी 4 प्रतिशत क्षेत्र वनाग्नि की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। जबकि 6 प्रतिशत वनावरण अत्यधिक अग्नि प्रवण पाया गया है। फॉरेस्ट इन्वेटरी रिकॉर्ड के अनुसार भारत में 54.40 प्रतिशत वन कभी-कभी आग की चपेट में आते हैं। 7.49 प्रतिशत मामूली रूप से बार-बार जलते हैं, जबकि 2.40 प्रतिशत वन अक्सर जलते रहते हैं। देश का 35.71 प्रतिशत वन क्षेत्र कभी भी आग की चपेट में नहीं आया।

## वनाग्नि को सेना के हवाले करना प्रशासन की विफलता

उत्तराखण्ड सरकार ने वनों में भड़की आग पर काबू पाने के लिए वायुसेना के हेलीकाप्टर मोर्चे पर उतार दिए हैं। वनकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस पर सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल एमसी भण्डारी इसे सेना का दुरुपयोग बताते हैं और कहते हैं कि सेना का उपयोग केवल बेहद गंभीर स्थितियों में तब किया जाता है जब सिविल एडमिनिस्ट्रेशन असफल हो जाता है और स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो जाती है।

इससे लगता है कि उत्तराखण्ड का शासन प्रशासन जंगल की आग से निपटने में विफल हो चुका है और स्थिति उसके काबू से बाहर हो चुकी है। जबकि राज्य में वन नौकरशाही का आकार बहुत बड़ा है। जनरल भंडारी के अनुसार अगर सरकार स्थानीय निवासियों पर जंगल को बचाने की जिम्मेदारी सौंपे तो वे बेहतर नतीजे दे सकते हैं। वनों को बचाना स्थानीय निवासियों की आय से भी जोड़ा जाना चाहिए। जनरल के अनुसार इसी तरह हेमकुण्ड साहब की यात्रा के मार्ग से बर्फ हटाने का काम भी सेना को दे रखा है। यह काम स्थानीय निवासियों से कराया जाता तो स्थानीय आर्थिकी में सुधार होता।

## वनाग्नि रोकने के प्रयास अधूरे

ऐसा नहीं कि सरकारों ने वनों को आग के रहमोकरम पर छोड़ दिया हो। वनों के महत्व को देखते हुए ही संसद ने संविधान संशोधन के जरिये वनों को 1976 में राज्य सूची से निकाल कर समवर्ती सूची में शामिल कर दिया था ताकि वनों को बचाने में केन्द्र सरकार की सीधी दखल रहे। वनो में आग का पता लगाने और त्वरित प्रतिक्रिया की सुविधा के लिए अग्नि टावरों, उपग्रह निगरानी, ड्रोन और रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकियों जैसी आधुनिक व्यवस्थाऐं केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा की गई है।

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग उपग्रह द्वारा निरन्तर अग्निकांड़ों पर नजर जमाए हुए है। हर साल अग्नि सुरक्षा पर अरबों रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन जंगल फिर भी धधक रहे है। इसका मतलब साफ है कि, इस दिशा में कमियां मौजूद हैं जिन्हें दूर किए जाने की जरूरत है। वन सीधे तौर पर स्थानीय समुदाय के जनजीवन से जुड़े होते हैं और बिना उनके वनों की सुरक्षा मुमकिन नहीं है। लेकिन वन नौकरशाही का रवैया स्थानीय समुदाय के प्रति सहयोगात्मक नहीं रहता।

कभी लोग अपने जंगलों को स्वयं ही आग से बचाते थे लेकिन जब से जंगल सरकारी हो गये तब से कुछ लोगों द्वारा ही जंगलों में आग लगाने की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। इसलिये जंगलों के प्रति लोगों के साथ ही वन नौकरशाही को भी जागृत किये जाने की आवश्यकता है।

अक्सर वन विभागों को बजटीय बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक जागरूकता अभियान, प्रारंभिक पहचान प्रणाली, अग्निशमन उपकरण और कर्मियों के प्रशिक्षण जैसी आग रोकथाम गतिविधियों के लिए सीमित संसाधन होते हैं। इसलिए वन विभागों को बजट की शिकायत का मौका नहीं दिया जाना चाहिए।

ऐसे भी मामले सामने आए हैं कि वनीकरण के फर्जी आकड़ों की सच्चाई छिपाने के लिये भी जंगलों को आग के हवाले कर दिया जाता है। इसलिए उस भ्रष्टाचार पर भी अंकुश की जरूरत है। वन प्रबंधन और आग की रोकथाम से संबंधित कानूनों और विनियमों को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता भी अनुभव की जाती रही है। भारत में जंगल की आग पर अधिक व्यापक अनुसंधान और डेटा संग्रह की आवश्यकता भी है।

# डेटिंग के दौरान जब आपका दिल उड़ान भर रहा हो तो अपने पैर जमीन पर कैसे रखें?

**किसी रिश्ते में खुद को खोने से आपका दिल टूट सकता है, जो आपके दिमाग पर गहरा प्रभाव छोड़ सकता है। ऐसे में हर किसी के लिए ये याद रखना जरुरी है कि किसी के साथ जुड़ना अच्छी बात है, लेकिन इस दौरान अपनी पहचान और मूल्यों को बनाए रखना ज्यादा जरुरी है।**

एकता

डेटिंग के शुरुआती महीने सातवें आसमान पर तैरने जैसे महसूस हो सकते हैं, लेकिन इस दौरान जमीन से जुड़े रहना जरुरी है। रोमांस का बवंडर उत्साह और मोह से भरा होता है और बड़ी ही आसानी से लोग इसमें खो जाते हैं। किसी को डेट करना सिर्फ तब तक अच्छा लगता है जब तक आप खुद को खोने न लगें। एक बार जब आप खुद को खोने लगते हैं तब आपका सबकुछ आपकी नजरों के आगे ताश के पत्तों की तरह बिखर जाता है। किसी रिश्ते में खुद को खोने से आपका दिल टूट सकता है, जो आपके दिमाग पर गहरा प्रभाव छोड़ सकता है। ऐसे में हर किसी के लिए ये याद रखना जरुरी है कि किसी के साथ जुड़ना अच्छी बात है, लेकिन इस दौरान अपनी पहचान और मूल्यों को बनाए रखना ज्यादा जरुरी है। इसलिए रोमांस की ऊंचाइयों का पता लगाने के दौरान जमीन से जुड़े रहने की कोशिश करें, मगर कैसे?



डेटिंग एक्सपर्ट तालिया कोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन लव बर्ड्स के लिए टिप्स साझा की हैं, जो डेटिंग के उत्साह और मोह में बहकर अक्सर खुद को खो देते हैं और फिर आगे जाकर इसका खामियाजा भुगतते हैं। टिप्स साझा करते हुए उन्होंने लिखा, यह उन लोगों के लिए है जो जल्दी ही बहक जाते हैं! मुझे लगता है कि पहली स्लाइड सबसे महत्वपूर्ण है। कोई ऐसा व्यक्ति जिसे आप बमुश्किल जानते हों, उसे आपके पूरे दिमाग और आपकी सारी ऊर्जा का उपभोग करने का अधिकार नहीं हो सकता। चलिए जानते हैं जब आपका दिल उड़ान भर रहा हो तो आप अपने पैर जमीन पर कैसे रख सकते है।

आप सामने वाले व्यक्ति को अच्छे से नहीं जानते हैं- दो डेट पर गए, अच्छा लगा? ठीक है, लेकिन ये मत भुलो कि इस व्यक्ति के साथ आपने 12 घंटे से भी कम समय बिताया होगा। यह वास्तविक जीवन है, प्यार अंधा नहीं होता है। एक्सपर्ट ने कहा, यह निर्णय लेने से पहले कि वे आपके समय और ऊर्जा के अधिक मूल्यवान हैं, धीमे हो जाएँ और उन्हें जानने में अपना समय लें।

लोग सबसे पहले अपने सबसे अच्छे व्यवहार पर होते हैं- एक्सपर्ट ने लिखा, यदि कोई बढ़िया संबंध है, लेकिन वे पहले से ही ऐसी चीजें कर रहे हैं जो आपकी चिंता को बढ़ाती हैं, तो यह एक खतरे का संकेत है। यह कभी न भूलें कि लोग आम तौर पर पहली कुछ डेट्स पर लोग अपना सर्वश्रेष्ठ व्यवहार करते हैं। यदि उनका सर्वोत्तम व्यवहार आपके लिए ऐसा नहीं कर रहा है, तो यह निरंतर रिश्ते के लिए अच्छा नहीं है।

आपकी कल्पना हकीकत नहीं है- कुछ डेट्स के बाद आपके मन में लड्डू फूटने लग हैं? क्या आप स्वयं को उनके साथ भविष्य के बारे में कल्पना करते हुए पाते हैं? जब आप स्वयं को इन क्षणों में पाते हैं तो अपने आप को वर्तमान में वापस लाने का प्रयास करें। जो वास्तविक है उस पर ध्यान केंद्रित करें। आपके द्वारा बनाई गई कल्पना आपको किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संबंध बनाने के लिए प्रेरित कर सकती है जो आपके लिए गलत है।

क्या आप उन्हें चुनते हैं?- इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय कि वे आपको पसंद करते हैं या नहीं, इस पर ध्यान केंद्रित करें कि क्या आप उन्हें और उनके व्यवहार को पसंद करते हैं। क्या आपको यह पसंद है कि वे आपके साथ कैसा व्यवहार करते हैं? क्या आपको जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण पसंद है? क्या आप उन्हें एक व्यक्ति के रूप में पसंद करते हैं? क्या आपको यह पसंद है कि वे आपको कैसा महसूस कराते हैं?

# रोज सुबह खाली पेट पिएं आंवले का जूस, बीमारियां होंगी कोसों दूर

आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है। इसे अगर डेली डाइट में शामिल किया जाए तो शरीर की काफी सारी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इसमे विटामिन सी के साथ ही आयरन, फास्फोरस, कैल्शियम भरपूर मात्रा में होते हैं। इसलिए आयुर्वेद में भी इसे बेहतरीन औषधि माना गया है। बॉडी में हो रही स्किन, हेयर से लेकर हेल्थ से जुड़ी इन समस्याओं में आंवले का जूस पीना फायदेमंद होता है। साथ ही जानें कि इसे कैसे पिया जा सकता है।

## आंवले के अद्भुत गुण

आंवला पोषक तत्वों से भरपूर एक फल है, जिसे लोग कई तरह से अपनी डाइट में शामिल करते हैं। यह स्वाद में हल्का खट्टा होने की वजह से कई लोग इसे काफी पसंद करते हैं। अपने ढेर सारे गुणों की वजह से यह आयुर्वेद जैसी पारंपरिक चिकित्सा में भी इस्तेमाल किया जाता है। लोग इसे आमतौर पर अचार, मुरब्बा या चटनी के रूप में खाते हैं। इसे खाने से जितने फायदे मिलते हैं, उतना ही लाभ इसका रस पीने से मिलता है। आइए जानते हैं रोजाना खाली पेट आंवले का जूस पीने के फायदे के बारे में।

## कोलेस्ट्रॉल कम करे

आंवला शरीर से कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करते है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल की बढ़ी हुई मात्रा सेहत को कई गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में आंवला कोलेस्ट्रॉल के बढ़े हुए लेवल को कम करने में मददगार साबित होता है, जिससे दिल की सेहत को भी फायदा मिलता है।



## पाचन को बेहतर बनाए

आंवले में पाचक गुण पाए जाते हैं, जो आपके पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। ऐसे में खाली पेट आंवले का रस पीने से पेट के स्वास्थ्य में सुधार, कब्ज को कम करने और पाचन में सुधार करने में मदद मिलती है।

## डिटॉक्सिफिकेशन से भरपूर

आंवले में डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं, जो शरीर की अशुद्धियों को दूर करने में सहायता कर सकते हैं। इस तरह से आंवले की मदद से डिटॉक्सिफिकेशन में मदद मिलती है, जिससे सामान्य शक्ति और स्वास्थ्य में वृद्धि हो सकती है।

मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है

ऐसा माना जाता है कि आंवला आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। दरअसल, तेज मेटाबॉलिज्म होने की वजह से शरीर ज्यादा प्रभावी ढंग से कैलोरी जलाता है।

## लिवर को बनाए हेल्दी

आंवला अपने हेपेटोप्रोटेक्टिव गुणों के लिए जाना जाता है, जिसका मतलब है कि यह लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। आंवले का जूस पीने से लिवर की सफाई और लिवर के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

## स्वस्थ्य बाल

आंवले का उपयोग लंबे समय से स्वस्थ बालों के लिए किया जाता रहा है। यह बालों के पोर्स को मजबूत करता है, बालों का झड़ना रोकता है और बालों को चमकदार बनाने में मदद करता है।

## त्वचा पर लाए रंगत

विटामिन सी, एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट है, जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है, फ्री रेडिकल्स को कम करता है और त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करता है। साथ ही यह कोलेजन के सिंथसिस को प्रोत्साहित करता है, जो त्वचा को कोमल बनाता है और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करता है।

# चिलचिलाती गर्मी में त्वचा को रखें हाइड्रेट, डाइट में शामिल करें यह जूस

मई का महीना शुरू हो चुका है। इस महीने में कई परेशानियां सामने आती हैं। खासकर त्वचा से जुड़ी समस्याएं अधिक होती है। अक्सर हम कम पानी पीते हैं। जिसके चलते त्वचा का निखार गायब होने लतगा है। गर्मी में अपनी त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए आप खरबूजे के जूस का सेवन कर सकते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट रखता है और चमकदार बनाने में मदद करता है।



**त्वचा की ऐसे करें केयर**- गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। खरबूजा खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है। यही नहीं इसका जूस त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और चेहरे की गंदगी को साफ करता है। यह त्वचा के लिए नेचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है। इसमें पानी और विटामिन भरपूर होता है, जो चेहरे को खूबसूरत बनाने में मदद करता है।



**खरबूजे का जूस**- गर्मी के दिनों में अगर आप रोजाना खरबूजे का जूस पीते हैं, तो इसमें मौजूद एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा के चिपचिपे पन को दूर कर पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं। इसके जूस में विटामिन सी भरपूर होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाता है। यही नहीं खरबूजे का जूस झुर्रियों को कम करने में भी काफी कारगर माना गया है। इसके अलावा खरबूजा सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना गया है। आप इसका रोजाना सेवन कर अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।

**ऐसे करें सेवन**- खरबूजे का जूस आप घर पर बनाकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप किसी स्टोर से खरीद कर उसका उपयोग करें। इसे आप दिन में दो बार पी सकते हैं, ध्यान रहे जूस ताजा होना चाहिए। इसके अलावा आप खरबूजे के जूस को किसी दूसरे जूस में शामिल कर भी पी सकते हैं। गर्मी के दिनों में आप खरबूजे के जूस को अपनी डाइट में शामिल कर अपनी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

**इस बात पर रखें खास ख्याल**- इसके अलावा कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, जैसे इसके जूस का अधिक सेवन करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है। अगर इससे आपको कोई एलर्जी या समस्या होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

डायबिटीज पेशेंट इसका सेवन डॉक्टर की सलाह लेकर करें। अगर आप भी चमकदार स्किन पाना चाहते हैं, तो आज से खरबूजे का जूस पीना शुरू कर दें।

# धूप से घर आकर न करें गलतियां बिगड़ सकती है सेहत



पिछले कुछ दिनों से गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में अपनी सेहत का दोगुना ख्याल रखना बहुत जरूरी है। लेकिन अगर किसी काम के कारण तेज धूप में बाहर जा रहे हैं तो घर लौटकर इन गलतियों को बिल्कुल भी न करें। वरना आपकी सेहत पर इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है। जानें क्या है वह बातें।

## भूलकर भी न करें ये काम

दिन पर दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कई इलाकों में तापमान इन दिनों काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में बाहर निकलना काफी ज्यादा मुश्किल भरा है। जब भी बाहर निकले कुछ सावधानियों का जरूर पालन करें। तेज धूप का असर सेहत पर काफी ज्यादा पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि हीट वेव के कारण लोग बेहोश हो जाते हैं। गर्मी के कारण तेज बुखार, चक्कर जैसी समस्या हो सकती है। इस आर्टिकल में विस्तार से बताएंगे कि तेज धूप से लौटते ही क्या काम आपको नहीं करना है।

## तुरंत एसी चालू करके न बैठें

तेज धूप से घर लौटने के बाद तुरंत एसी न चलाए। बल्कि कुछ देर पंखे की हवा में जरूर बैठे। एक बार शरीर जब नॉर्मल तापमान में आ जाए और पसीना सूख जाए तो फिर आप एसी में जा सकते हैं।

## तुरंत कपड़े न बदलें

तेज धूप से घर लौटें तो फटाक से कपड़ा चेंज न करें या तुरंत नहाने की गलती ना करें, बल्कि आने के 10 मिनट बाद ही नहाएं। 5-10 मिनट के बाद कपड़े चेंज करके ढीला कपड़ा पहनें।

## घर आते ही न नहाएं

धूप से तुरंत आकर नहाने की गलती न करें। इससे हीटस्ट्रोक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। तेज धूप के कारण हीटस्ट्रोक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। घर लौटते ही ठंडा पानी न पिएं। पानी को पहले नॉर्मल टेंपरेचर पर रखें और फिर पिएं।

## आराम करें

धूप और गर्मी से आने के बाद शरीर एकदम से थक जाता है। इसलिए थकावट दूर करें और आराम करें।

## ठंडी चीजें न खाएं

धूप से घर लौटकर ठंडी चीजें बिल्कुल भी न खाएं जैसे-फल, आईसक्रीम, फल न खाएं। इससे आपको कफ की समस्या हो सकती है।

# दिनभर में एक बार जरूर खाएं दलिया

गर्मियों के मौसम में भूक कम लगती है। अक्सर कई लोग अपना खाना मिस कर देते हैं। जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। अगर आप भी गर्मी के दिनों में शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो रोजाना सुबह दलिया का सेवन करें, इससे शरीर स्वस्थ रहेगा और बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

**सेहत के लिए फायदेमंद है दलिया**- गर्मियों के मौसम में सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। अधिकतर लोगों को गर्मी के दिनों में पानी की कमी होने लगती है, इससे शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। इन सब समस्याओं से बचने के लिए आप रोजाना दलिया का सेवन कर सकते हैं। दलिया एक ऐसा भोजन है जिसका सेवन स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया का सेवन करने से आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। आईए जानते हैं दलिया के फायदों के बारे में।

**दलिया के फायदे**- दलिया में प्रोटीन, फाइबर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं साथ ही एसिडिटी, कब्ज और पेट से



जुड़ी समस्याओं से दलिया राहत दिलाता है। अगर आप मोटापे से परेशान है, तो रोजाना ब्रेकफास्ट में दलिया खाना शुरू कर दें। यह पेट भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे वजन कम करने में काफी मदद मिलती है।

**मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद**- दलिया एक उच्च फाइबर वाला भोजन है, जिसमें बीटा-ग्लूकॉन नामक एक फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है और हृदय संबंधित बीमारियों को दूर रखता है। यही नहीं इसका रोजाना नाश्ते में सेवन करने से मधुमेह रोगियों को काफी फायदा पहुंचता है। दलिया में मैग्नीशियम और फास्फोरस अच्छी मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है।

**त्वचा के लिए भी है लाभदायक**- दलिया सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाता है। यह त्वचा को हाइड्रेट करती है और पिंपल्स को कम करने में मदद करती है।

इसका रोजाना सेवन करने से चेहरा चमकदार बनता है। आप दलिया को नाश्ते, दोपहर के भोजन और रात के खाने के समय भी खा सकते हैं। यह एक पौष्टिक आहार है, जिसे आप किसी भी समय खा सकते हैं। ध्यान रहे इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मयंक यादव आईपीएल के बचे हुए लीग मैचों से बाहर

**लखनऊ।** लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव चोट के कारण बचे हुए आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने साफ किया कि मयंक अब लीग चरण के किसी भी मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा लैंगर ने यह भी कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि मयंक नॉकआउट के लिए वापस आएं, लेकिन वास्तव में उनके लिए वापस आकर खेलना बेहद मुश्किल है। लैंगर ने कहा, मयंक का स्कैन कराया गया और उन्हें उसी जगह टियर हुआ है जहां पिछली बार हुआ था। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हम देख चुके हैं कि वह क्या प्रभाव डाल सकते हैं। हम प्रार्थना करेंगे कि वह प्ले-ऑफ़ में खेल सकें, लेकिन वास्तविकता में उनके लिए वापस आकर टूर्नामेंट के अंत में खेल पाना काफी मुश्किल होगा।

### शुभमन गिल ने हरलीन देओल को दिए बैटिंग टिप्स



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अभ्यास के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल के साथ बातचीत की। जिसका वीडियो गुजरात ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वहीं वीडियो में देखा जा सकता है कि गिल हरलीन को क्रिकेट शॉट को लेकर कुछ बता रहे हैं। बता दें कि, हरलीन भी महिला प्रीमियर लीग में गुजरात के लिए खेलती हैं। हरलीन महिला प्रीमियर लीग में चोटिल हो गई थीं, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हुए एक मैच में उनके घुटने में चोट लग गई थी। गुजरात टाइटंस के लिए आज अहम मुकाबला है, उसे जीतना जरूरी है तभी वह प्लेऑफ की लड़ाई में दावेदारी पेश करेगी। गुजरात टाइटंस 10 में से सिर्फ 4 मैच जीते हैं, उसके 8 अंक हैं। टीम के 4 मैच बचे हैं, चारों जीतने के बाद वह 16 अंकों तक पहुंच सकती है।

### पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती है टेटे खिलाड़ी विजया



**हैदराबाद।** यूटीटी पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र की पदक विजेता विजया दीपिका गंगापट्टनम का लक्ष्य अब पैरालिंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। विजया ने राष्ट्रीय स्तर पर एकल में रजत और युगल में अपने जोड़ीदार के साथ कांस्य पदक जीता है। विजया का यहां तक का सफर जुझारु क्षमता की मिसाल है। हव हड्डियों की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं जिसके कारण उसके शरीर में 45 फ्रैक्चर हैं। यहां तक कि झटके लगने पर भी हजिंदगी हड्डी टूट जाती है। इसके बाद भी कठिन परिश्रम कर विजया ने टेबल टेनिस खेलकर अपनी किस्मत बदली है।

# बेंगलुरु जीती, गुजरात की प्लेऑफ की राह मुश्किल

एजेंसी ■ बेंगलुरु



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फाफ डु प्लेसिस की तेजतर्रार पारी की बदौलत आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के लिए आगे बढ़ना चाह रही गुजरात टाइटंस की राह खराब कर दी है। एम चिन्नास्वामी में खेले गए मुकाबले में आरसीबी के गेंदबाजों ने गुजरात को 147 रन पर ही रोक दिया था। जवाब में आरसीबी ने पावरप्ले में ही 92 रन बना दिए। डुप्लेसिस ने 64 रनों का योगदान दिया। इसके बाद आरसीबी ने जरूर फटाफट 6 विकेट गंवा दिए लेकिन अनुभवी दिनेश कार्तिक डटे रहे और अपनी टीम को 14वें ओवर में ही जीत दिला दी। अब गुजरात टाइटंस 11 में से 7 मुकाबले गंवा चुका है। उनके आगामी मुकाबले चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद से होने हैं।

गुजरात की शुरूआत खराब रही। दूसरे ओवर में ने ही सिराज ने साहा को पवेलियन की दिशा दिखा दी। चौथे ओवर में वापसी करते हुए सिराज ने शुभमन को भी आउट कर दिया। शुभमन 2 ही रन बना पाए। इसके बाद छठे ओवर में कैमरून ग्रीन ने साईं सुदर्शन को कोहली के हाथों कैच आउट करवा दिया। साईं ने 14 गेंदों पर 6 रन बनाए। मिलर ने पारी को संभाला और 80 तक ले गए। उन्होंने 20 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। 13वें ओवर में शाहरुख खान भी 24 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाकर आउट हो गए। राशिद खान एक बार फिर से अपनी टीम के लिए रन बनाते दिखे। उन्होंने 14 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाए। इसी ओवर में राहुल तेवतिया भी यश दयाल का शिकार हो गए। तवेतिया ने 21 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। मानव 1 तो मोहित शर्मा 0 पर ही रन आउट हो गए। अगली ही गेंद पर शंकर भी 10 रन बनाकर आउट हो गए और इस तरह गुजरात की पारी 147 रन पर ही सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु को पहली ही ओवर में विराट कोहली ने दो छक्के लगाकर तेजतर्रार शुरूआत दी थी। इसे कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने आगे बढ़ाया। डुप्लेसिस ने मोहित शर्मा, जोशुआ लिटिल और मानव सथुर के खिलाफ आक्रमक रुख अपनाया और 23 गेंदों पर 10 चौके और 3 छक्कों की मदद से 64 रन बनाकर टीम को पावरप्ले में ही 92 रन तक पहुंचा दिया। डुप्लेसिस का विकेट जोशुआ लिटिल को मिला। डुप्लेसिस का विकेट गिरते ही आरसीबी ने 14 गेंदों के अंदर 4 विकेट गंवा लिए। पहले विल जैक 1 रन बनाकर नूर अहमद का शिकार हो गए। इससे अगले ओवर में जोशुआ लिटिल ने रजत पाटीदार (2) और ग्लेन मैक्सवेल (4) को शिकार बनाया। 10वें ओवर में लिटिल ने वापसी करते हुए कैमरून ग्रीन (1) को शाहरुख के हाथों कैच आउट करवा दिया। यह लिटिल का चौथा विकेट रहा। 11वें ओवर में नूर अहमद ने विराट कोहली का विकेट निकालकर गुजरात के खेमे में खुशियां फैला दीं। विराट 27 गेंदों पर 42 रन बनाकर आउट हुए। छह विकेट गिर जाने के बाद आरसीबी को दिनेश कार्तिक को सहारा मिला। कार्तिक ने 12 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाए जबकि स्पनिल सिंह ने 9 गेंदों पर 15 रन बनाकर टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी।

# लीवर कप हो सकता है नडाल का अंतिम टूर्नामेंट

## नडाल के सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे

एजेंसी ■ बार्सिलोना



स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल ने कहा है कि 2024 एटीपी टूर उनका आखिरी साल हो सकता है। नडाल के अनुसार वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे। ऐसे में ये उनका अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। नडाल 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह ही बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका अंतिम मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में अब तक 12 बार खिताब जीते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता हूं।'' वह लंबे समय से चोटों से परेशान रहे हैं। इसी कारण उन्होंने इस साल केवल पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। गौरतलब है कि लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेली जाती है। नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले अंतिम बार रोजर फेडरर के साथ खेलना भी शामिल है। नडाल को तब फेडरर ने अपना जोड़ीदार बनाया है।

### अजय जडेजा बोले, विराट पारी की शुरुआत करें, तीसरे नंबर पर उतरें रोहित

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा है कि आगामी टी20 विश्व में विराट कोहली को भारतीय टीम की पारी की शुरुआत करनी चाहिये जबकि कप्तान रोहित शर्मा को नंबर तीन पर उतरना चाहिये। टी20 विश्व कप जून में वेस्ट इंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम का पहला मुकाबला 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड से होना है।

जडेजा ने कहा कि मेरे विचार से विराट पारी की शुरुआत करें। ऐसे में सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। इससे उन्हें आराम से खेलते हुए खेल को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में उस समय बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के होने से निरंतरता की कमी नहीं रहेगी।

### स्विमिंग वर्ल्ड कप...



सेंट-डेनिस में वर्ल्ड एक्वेटिक्स आर्टिस्टिक स्विमिंग वर्ल्ड कप 2024 में चीनी टीम तकनीकी स्पर्धा के दौरान प्रतिस्पर्धा करती हुई।

### यह प्रवृत्ति खेल को एकतरफा बना सकती है: अश्विन

**नई दिल्ली।** दुनिया के प्रमुख ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को कहा कि आधुनिक समय में बल्लेबाजी का इस तरह से विकास हो रहा है कि अविश्वसनीय पावर-हिटिंग धीरे-धीरे क्रिकेट स्टेडियमों के आकार को अप्रासंगिक बना रही है और उन्हें डर है कि यह प्रवृत्ति खेल को एकतरफा बना सकती है। अश्विन की टिप्पणी इस साल के आईपीएल में टीमों द्वारा बनाए जा रहे बड़े स्कोर के संदर्भ में आई है। हैदराबाद ने मौजूदा सत्र में दो बार इस लीग का सबसे बड़े स्कोर (277 और 287) का रिकॉर्ड बनाया।

# कोलकाता-मुंबई मैच के दौरान टॉस में गड़बड़ी

## फिक्सिंग के लगे आरोप

ब्यूरो ■ नई दिल्ली

हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस को शुक्रवार को आईपीएल 2024 सीजन की आठवीं हार का सामना करना पड़ा क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें वानखेड़े स्टेडियम में 24 रनों से हरा दिया। हालांकि मैच के दौरान जो हुआ उससे अधिक टॉस के दौरान की एक घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और कुछ सोशल मीडिया यूजर्स फिक्सिंग का आरोप लगा रहे हैं। शुक्रवार को टॉस के दौरान हार्दिक पंड्या ने सिक्का उछाला जबकि कैमरामैन के परिणाम को अच्छी तरह से देखने से पहले मैच रेफरी पंकज धर्मानी ने इसे उठा लिया। अंपायर द्वारा कप्तान हार्दिक पांड्या के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि टॉस में धांधली हुई होगी।



गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल 2024 में इस तरह का आरोप सामने आया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच आखिरी मैच के दौरान सोशल मीडिया यूजर्स ने अंपायर जवागल श्रीनाथ पर सिक्का उठाते समय सिक्के के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।

प्रसारकों ने बाद के मैचों में इस आरोप का जोरदार खंडन किया, कैमरामैन ने सुनिश्चित किया कि भविष्य में इस तरह के आरोपों के लिए कोई जगह नहीं रहे, प्रत्येक सिक्का उछाल पर जूम इन किया गया। हालांकि रेफरी द्वारा सिक्के को कैमरे की अच्छी तरह से देखने से पहले उठाए जाने के बाद सोशल मीडिया उपयोगकर्ता एक बार फिर गुस्से में आ गए। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक यूजर ने रेफरी के सिक्का उठाने के समय पर सवाल उठाते हुए लिखा, कैमरामैन के सिक्का दिखाने से पहले ही डब्ल्यूटीएच रेफरी ने सिक्का उठा लिया। ऐसा सिर्फ मुंबई इंडियंस गेम्स के दौरान ही क्यों होता है एक अन्य यूजर ने लिखा, जब भी मुंबई इंडियंस के साथ वानखेड़े स्टेडियम में टॉस होता है, तो हम आईपीएल बीसीसीआई में कभी भी स्पष्ट टॉस नहीं देखते हैं, यह वाकई शर्म की बात है।

### कोलकाता और मुंबई अपने अपने स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली।** कोलकाता शुक्रवार को मुंबई के खिलाफ 24 रन से जीत हासिल करने में कामयाब रही। इस जीत के साथ 10 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक सहित दूसरे स्थान पर बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफ मुंबई 11 मैचों में 3 जीत के साथ 6 अंक सहित 9वें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स (12) तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद (12) चौथे, चेन्नई सुपर किंग्स (10) पांचवें स्थान पर हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स (10) छठे, पंजाब किंग्स (8) सातवें और गुजरात टाइटंस (8) आठवें स्थान पर हैं। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु स्टैंडिंग में सबसे नीचे है।

# दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान की करेगा मेजबानी

प्रिटोरिया



दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहांसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जायेगा। यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। जोहांसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क में श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जायेगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी पूरी संभावना है। महिला टीम इंग्लैंड के साथ तीन टी-20, तीन एकदिवसीय और टेस्ट खेलेगी। जिसमें एक ब्लैक डे एकदिवसीय भी होगा जो लैंगिक हिंसा के संबंध में जागरूकता के लिए खेला जाएगा।

### श्रेयस करते है सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना : अभिषेक

मुम्बई

केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर कहा कि श्रेयस अय्यर अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सकारात्मक सोच के साथ सामना करते है। अभिषेक नायर ने कहा, ''वह उन लोगों में से हैं जो मानसिक तौर पर काफ़ी मज़बूत हैं। उनके अंदर किसी चीज़ के लिए शिकायत करने की आदत नहीं है। कुछ चीजे उनके नियंत्रण में नहीं है लेकिन फिटनेस एक ऐसी चीज है जिसे नियंत्रित करना उनके बस में है। हमारे मेडिकल स्टाफ ने उनके ऊपर काफी मेहनत की है। रिजेक्ट होने के बावजूद उनकी सोच काफी सकारात्मक है और उनका ध्यान वापसी करने पर है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही वह आईपीएल खेल रहे हों या भारत के लिए वह हमेशा रन बनाने की ही सोचते हैं।

### वार्नर 70 प्रतिशत भारतीय हैं : फ्रेजर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की युवा पावर-हिटर जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने डेविड वार्नर के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, वह (डेविड) उन सबसे निःस्वार्थ लोगों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। उसके पास हमेशा सभी के लिए समय होता है। वह 24/7 आपकी मदद करना चाहता है। वह हर होटल में हमेशा मुझसे दो कमरे की दूरी पर रहता है। बस उसके कमरे में जाओ और हर सुबह कॉफी पिओ। उन्होंने कहा, वह ऑस्ट्रेलियाई से ज्यादा भारतीय हैं। यही मैं उनसे कहता हूं। मैं कहता हूं कि वह 70 प्रतिशत भारतीय हैं, 30 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई हैं। फ्रेजर ने कहा वास्तव में इसमें होने और इसे बाहरी दृष्टिकोण से देखने और इसके बारे में सुनने के अंतर ने काफी अच्छी तरह से संयोजन कर लिया है। मैंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। खेल खेलने की कोई उम्मीद है, लेकिन अभी खेलने में सक्षम होना बहुत अच्छी बात है।

### यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

# रोहित को मिली भारत की कमान

ब्यूरो ■ नई दिल्ली

आगामी 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी का दौरा करने वाले भारतीय जूनियर हॉकी टीम की घोषणा शनिवार को यहां कर दी गई। भारतीय जूनियर अपना पहला मैच 20 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे जबकि उनका अगला मुकाबला 22 मई को ब्रेडा, नीदरलैंड में बेल्जियम से ही होगा। भारतीय टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी और उसके बाद 28 मई को जर्मनी में जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद वे 29 मई को दौरे के



अपने अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे।

भारतीय टीम का नेतृत्व डिफेंडर रोहित करेंगे जबकि शारदानंद तिवारी उपकप्तान होंगे। गोलकीपिंग विभाग की कमान प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह के हाथों में होगी, जबकि शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव और तालेम प्रियो बाटर को डिफेंडर के रूप में चुना गया है। अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह और वचन एच ए मिडफील्ड में विपक्षी टीम को झकायेंगे वहीं फॉरवड में सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद, कोनैन दाद, दिलराज सिंह और गुरसेवक सिंह की भूमिका अहम होगी।


कप्तान रोहित ने कहा, 'हम अपने शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक-दूसरे के गेमप्ले की समझ विकसित कर चुके हैं। दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना अद्भुत होगा, जिससे हमें अपने खेल को बेहतर बनाने और इस तरह के प्रदर्शन से बेहतर होने में मदद मिलेगी।

#### भारतीय टीम

- गोलकीपर - प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह
- डिफेंडर- शारदानंद तिवारी, योगेम्बर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालेम प्रियो बार्टा।
- मिडफील्डर - अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए।
- फॉरवर्ड - सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह।

# टी-20 विश्वकपः अमेरिका टीम के कप्तान होंगे मिलिंद, खूंखार कीवी भी शामिल

एजेंसी ■ डलास



2 जून से आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज होने वाला है। वेस्टइंडीज के साथ-साथ अमेरिका भी इस बार वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है। वहीं अब यूएसए ने अपने स्क्वाड की भी घोषणा कर दी है। दिल्ली के पूर्व बल्लेबाज और 2018-19 रणजी ट्रॉफी में शीर्ष रन बनाने वाले मिलिंद कुमार को एक जून से शुरू होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका की टीम में जगह मिली है। वेस्टइंडीज के साथ इस आयोजन के सह-मेजबान अमेरिका ने गुजरात में जन्में मोनांक पटेल के नेतृत्व में अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दायें हाथ के बल्लेबाज मिलिंद ने 2018-19 रणजी ट्रॉफी सत्र में सिक्किम का प्रतिनिधित्व करते हुए 1331 बनाये थे।

**आईपीएल का भी हिस्सा रह चुके मिलिंद कुमार-** उन्होंने इसके बाद त्रिपुरा का भी प्रतिनिधित्व किया। सिक्किम और त्रिपुरा से वह सत्र तक दिल्ली के लिए खेले थे। वह इसके बाद फिर बेहतर अवसरों की तलाश में अमेरिका चले गए थे। साल 2021 में अमेरिका में डेब्यू करने से पहले उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया है।

**मुंबई के हरमीत भी खेलेंगे अमेरिका के लिए वर्ल्ड कप-** मुंबई के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह को भी टीम में जगह मिली है। मुंबई में जन्मे 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 अंडर-19 विश्व कप के भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 2013 में राजस्थान रॉयल्स और त्रिपुरा के लिए राज्य क्रिकेट में भी खेला। भारत के लिए अंडर-19 विश्व कप टीम में खेलने वाले सौरभ नेत्रावलकर भी अमेरिका की टीम में है।

## न्यूज ब्रीफ

### जयश्री शर्मा के लघु-कथा संग्रह का राजधानी में आज विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सुपरिचित लेखिका जयश्री शर्मा के लघु-कथा संग्रह सहारा एवं अन्य कहानियां का विमोचन कल 5 मई 2024 को राजधानी के वृन्दावन सभागार में दोपहर 1.30 बजे होगा. सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था विश्व मैत्री मंच की छत्तीसगढ़ी इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लघु-कथा के पुरोधा पवन जैन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. वहीं, प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र ठाकुर, डॉ सुमन मिश्र एवं डॉ सुधीर शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे ।

### 2 लाख का गांजा लेकर घूम रहा था नाबालिग, पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने निजात अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे स्टेशन से ओडिशा के नाबालिग गांजा तस्कर को पकड़ा है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर 10 किलोग्राम गांजा को ट्रॉली बैग में भरकर बेचने के फ़िराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लिया। साथ ही उसके कब्जे से दो लाख रुपये का गांजा जब्त किया गया। मामले में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित गेट नंबर दो के पास एक लड़का अपने पास बैग में गांजा रखा है। उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। इसके बाद पुलिस मिली जानकारी के अनुसार बताये जगह पर पहुंची। वहीं लड़के की पतासाजी करते हुए लड़के को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।

### बालकनी में साड़ी बांधकर सूने फ्लैट में घुसे चोर, आलमारी तोड़कर चुराए गहने

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक फ्लैट की बालकनी में चोर साड़ी के सहारे अंदर घुसे फिर आलमारी से गहनों की चोरी कर ली। इस वारदात को अंजाम देने चोर कार से पहुंचे थे। फ्लैट में रहने वाला परिवार उज्जैन गया हुआ था। इस मामले में पुलिस ने दोनों चोरों को अरेस्ट कर लिया है। दामिनी साहू ने सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज करवाई कि वह संतोषी चौक के पास रहती है। 23 मार्च को अपने परिवार के साथ उज्जैन गई थी। 28 मार्च को जब वह वापस लौटी तो उसने देखा कि बालकनी की रेलिंग में साड़ी बंधी हुई थी। इसके अलावा रूम के स्लाइडर वाली खिड़की खुली हुई थी। जब उन्होंने कमरे को देखा तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। इसके अलावा लॉकर में रखे गहने-जेवरात गायब थे। चोर ने फर्स्ट फ्लोर स्थित फ्लैट में साड़ी के सहारे अंदर घुसकर चोरी कर ली थी। इस घटना को लेकर महिला ने सिविल लाइन थाने जाकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल और पूछताछ की। इस दौरान पुलिस ने मोहम्मद यूसुफ और मोहम्मद उस्बा को गिरफ्तार किया। इनमें से युसूफ मूल रूप से रायबरेली उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसका गिरफ्तार एक अन्य साथी बैजनाथ पारा में रहता है।

### चोरी की 28 वारदातें, हर बार नया पैटर्न रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

**रायपुर।** रायपुर में एक कारोबारी के घर साढ़े 12 लाख रुपए की चोरी के मामले में टिकरापारा पुलिस ने शातिर चोर को धर दबोचा है। पकड़े जाने पर पुलिस की तरह पड़ताल करता था कि वह कैसे पकड़ा गया, इसके बाद फिर नए पैटर्न पर चोरी करता था, ताकी अगली बार पकड़ में न आ सके। बताया जा रहा है कि ये चोर इतना शातिर है कि इसके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में 28 से ज्यादा केस दर्ज हैं। आरोपी कोई वारदात कर फरार हो जाता था। शातिर चोर का नाम राजू सिक्का है, जिसे रायपुर की एंटी क्राइम यूनिट और टिकरापारा पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया है। इसके पास से 12 लाख 50 हजार का माल जब्त किया गया है।

### अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 8 मई से

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) के लिये 'रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता' का आयोजन 8 से 12 मई तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पहली बार कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# प्रशिक्षण में बताई गई बातों को बारीकी से समझें : सामान्य आब्जर्वर ठाकुर




### पं. दीनदयाल आडिटोरियम में हुआ माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण

नगर संवाददाता

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में शनिवार को माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण हुआ। सामान्य प्रेक्षक रोहनचंद ठाकुर, ने कहा कि जो प्रशिक्षण में बातें बताई गई उसे बारिकी से समझें और सजग होकर निर्वाचन कार्य संपन्न करायें। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर को अपना मोबाईल नम्बर साझा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का समस्या होने पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि अपने मास्टर ट्रेनर का भी नम्बर रखें और उनसे भी मार्गदर्शन लें। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर निर्वाचन कार्य की हर बारिकियों को बेहतर ढ़ंग से समझें और सफल तरीके से चुनाव कराएं। उन्होंने कहा कि मॉकपॉल की प्रक्रिया और मतदान की प्रकिया को बेहतर तरीके से समझा जाएं। पीपीटी के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया को मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हैं, जिसकी बारिकियों को समझें। माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनर अजीत हुडैंत ने पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारी दी। मॉकपॉल से संबंधी विस्तृत जानकारी भी दी गई। जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बान्दे तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर-एसएसपी ने सुरक्षा बलों के साथ निकाली स्वीप बाइक रैली

**रायपुर।** आपकी रक्षा करते हैं हम, लोकतंत्र की रक्षा करें आप स्लोगन के साथ लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शनिवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप बाइक रैली निकाली। इस रैली को सिक्योरिटी गार्ड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें यातायात, जिला बल और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे। सभी बाइक रैली में हेलमेट पहनकर कलेक्ट्रेट परिसर से निकले और यह रैली रेलवे स्टेशन में समाप्त हुई।



रेलवे स्टेशन में बाइक रैली के समापन के पश्चात कुली नम्बर 158 धनीराम साहू ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस रैली में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और बड़ी संख्या में सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे। आज की यह रैली छत्तीसगढ़ महतारी चौक से प्रारंभ हुई।



# जागरूकता के लिए 40 किमी निकाली बाइक रैली

### एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट का संयुक्त आयोजन

नगर संवाददाता

**रायपुर।** एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए 40 किलोमीटर की बाईक रैली का शुभारंभ आज मेगनेटो मॉल रायपुर से किया गया, जिसका समापन भिलाई स्थित एसीसी सीमेंट जामुल में हुआ । इस रैली को एसीसी और अंबुजा टीम ने झंडा दिखाकर रवाना किया । इस बाईक रैली को एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट के स्टेट हेड विनोद गोपाल कुरूप के दिशानिर्देशों सहित एसीसी के एरिया सेल्स मैनेजर विशाल दत्त शुक्ला और अंबुजा के सोनेंद्र अवधिया एवं तन्मय पंडा , मार्केटिंग व ब्रांडिंग हेड के नेतृत्व में किया गया। टीम के इस साझा प्रयासों को सबने सराहा और उपस्थितजनों ने ताली बजाकर इन सभी बाइक राइडर्स का उत्साहवर्धन किया।

# महाविदेह क्षेत्र में वर्तमान काल में विराजमान तीर्थंकर श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया गया

### महाविदेह क्षेत्र में वर्तमान काल में विराजमान तीर्थंकर श्री सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया गया

नगर संवाददाता



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में श्री सीमंधर स्वामी परमात्मा का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया गया । परमात्मा के जन्म पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान का पालना झुलाकर असीम आनन्द का अनुभव किया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि तीर्थंकर परमात्मा जब माता के गर्भ में पधारते हैं तब मातारानी 14 महास्वप्न देखती है । 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का जैन धर्म में विशेष महत्व है । तीर्थंकर की माता द्वारा वर्णित 14 महास्वप्नों को बधाने व पूजा का लाभ लेने वाले परिवार निम्नानुसार हैं , श्वेतहस्ती - मूलचंद संतोष सरला बैद , वृषभ - पदमचंद कमल गोलछा , सिंह - पारसमल प्रवीण सुराना , महालक्ष्मी - वर्तिका वर्द्धमान चोपड़ा , दो पुष्पमाला - अशोक पुष्पा देवी कोचर , पूर्ण चन्द्रमा - नेमीचंद श्यामसुंदर बैदमुथा , उदय होता सूर्य - राजेश करुणा सिंघी , लहराती ध्वजा - कमलचंद आदित्य अभिषेक बैद , स्वर्ण कलश - वर्द्धमान वर्तिका चोपड़ा , पद्म सरोवर - त्रिलोकचंद कमला बाई गोलछा , क्षीरसागर महेन्द्र कुमार तरुण कुमार कोचर , स्वर्ग विमान - संतोष सरला बैद , रत्नों की राशि - जसराज मदना बाई बरड़िया परिवार , निरधुम अग्नि - पुष्पा देवी कोठारी मनोज कविता कोठारी , कल्प वृक्ष गुलाबचंद टीकम सपना गोलछा ने महास्वप्नों का पूजन किया।

श्री सीमंधर स्वामी जन्मकल्याणक अवसर पर पालना जी का लाभ गुलाब चंद टीकम सपना बैद नगरी रायपुर वालों ने लिया । रात्रि में भजन सम्राट नवीन चोपड़ा ने जन्मकल्याणक पर प्रभु भक्ति में श्रद्धालुओं को झूमा दिया । श्री सीमंधर महिला मण्डल ने दादागुरुदेव इक्तिसा जाप में जनमानस को सरोबार कर दिया ।

# 13 फर्जी फर्मों से करोड़ों की टैक्स चोरी, मास्टर माइंड गिरफ्तार

नगर संवाददाता



**रायपुर।** सीजीएसटी रायपुर ने हाल ही में विशेष खुफिया जानकारी, डेटा विश्लेषण और व्यापक निगरानी के आधार पर फर्जी चालान बनाने वाले 13 फर्जी फर्मों के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। जिसके बाद शनिवार को इस रैकेट के मास्टरमाइंड हेमंत कसेरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी हेमंत कसेरा संचालित फर्मों द्वारा इस तरह की फर्जी आईटीसी की बड़ी मात्रा रायपुर में स्थित मेसर्स त्रिवेणी मेटालिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स श्री त्रिवेणी एंटरप्राइजेज को दी गई है। जिसके बाद इन फर्मों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जांच करने पर यह पता चला कि न केवल उपर्युक्त 2 फर्में बल्कि अन्य 4 फर्में सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा नियंत्रित और प्रबंधित की जाती हैं। दस्तावेजों, खातों और रिटर्न की गहन जांच के बाद यह पाया गया कि, सर्वेश पाण्डेय ने न केवल हेमंत कसेरा से बल्कि कई अन्य जाली/फर्जी फर्मों से भी फर्जी बिल खरीदे हैं। अब तक की जांच मे 71.38 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी का पता चल चुका है। जिसका लाभ सर्वेश पाण्डेय ने जीएसटी से बचने के इरादे से लिया था। जिसके बाद केंद्रीय जीएसटी की टीम द्वारा सर्वेश कुमार पाण्डेय को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69(1) के तहत आज गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया। जहां सीजेएम अदालत ने आरोपी की न्यायिक हिरासत मंजूर कर ली है।

#### अब तक 17 लोगों के खिलाफ हुई कार्रवाई

आईआरएस आयुक्त मो.अबु सामा ने बताया कि, सीजीएसटी रायपुर कर चोरों के खिलाफ और विशेष रूप से फर्जी बिलिंग के कारोबार में शामिल करदाताओं के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई कर रहा है। इन गिरफ्तारियों के साथ, 2017 में जीएसटी कानून लागू होने के बाद से फर्जी बिलिंग के संबंध में सीजीएसटी रायपुर आयुक्तालय द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों से किया मतदान का आग्रह



नगर संवाददाता

**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शनिवार को कलेक्टर की पाती वितरण अभियान में सेवानिवृत्त अधिकारियों के यहां पहुंचें। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज सेवानिवृत्त आईएएस ऑफिसर एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव बी.के.एस.रे, सेवानिवृत्त आईएएस ऑफिसर बी.एल.तिवारी, एस.के.तिवारी चंद्र प्रकाश बेहार सूचना आयुक्त नरेन्द्र शुक्ला एवं सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर आनंद शर्मा, इतिहासकार का रमेंद्रनाथ मिश्र के घर पहुंचें और आमंत्रण पत्र पीला चावल देकर मतदान आग्रह किया। इन्होने कलेक्टर की इस पहल की सराहना की। इन अधिकारियों ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि अवश्य मतदान करें और लोकतंत्र पर्व में सहभागी बनें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीइओ विश्वदीप तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा की सरकार आने के बाद विकास, विश्वास के साथ सुरक्षा भी गायब : अलोक शर्मा

### प्रदेश में 9 में से 7 सांसद की टिकट काटकर भाजपा ने सबसे पहले ही हार मान ली थी

नगर संवाददाता



**रायपुर।** एआईसीसी प्रवक्ता आलोक शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि लोकतंत्र का पावन पर्व चल रहा है और छत्तीसगढ़ में उसका तीसरे चरण के लोकसभा के चुनाव होने जा रहा है। जिस तरह से रायपुर छत्तीसगढ़ में मौसम का पारा बढ़ रहा है, उसी तरह से चुनाव का पारा भी बढ़ रहा है। प्रदेश में 9 में से 7 सांसद की टिकट काटकर भाजपा ने सबसे पहले ही हार मान ली थी, कि छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों ने संसद में कभी आवाज नहीं उठाई। टिकट काटने से यह सिद्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ से संसद तक नकारा थे। इसलिये छत्तीसगढ़ के 9 में से 7 सांसदो का टिकट काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चुनाव का प्रचार सकारात्मक मोड पर है और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव भी हमने सकारात्मक मोड पर लड़ा था। प्रधानमंत्री जो वायदे दिसंबर के चुनाव में किये उसमें से कितने वादे पूरे हुये है? 3100 रू. एमएसपी एकमुश्त देने की बात की नहीं दिये। कांग्रेस सरकार के ऊपर तमाम आरोप लगाये थे कोई भी वाइट पेपर या किसी भी तरह के कार्यवाही जांच कही भी शुरू किया था और अभी तक कुछ भी नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगना चाहिये। झूठ बोलकर विकास शील छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को षडयंत्र पूर्वक हटाने का काम किया। भाजपा की 15 साल की सरकार में नक्सलवाद बढ़ा। नक्सलवाद बढ़ते-बढ़ते एक दर्जन से ज्यादा जिलों में फैलता चला गया। वर्तमान में भाजपा के लीडर स्वंय सुरक्षित नहीं है। कई बड़े नेताओं की हत्या नक्सलवाद के चलते हुयी। 2013 में कांग्रेस के कई दिग्गज बड़े-बड़े नेताओं हमारे कुनबे का बहुत बड़ा हिस्सा नक्सलवाद से लड़ाई करते हुये भेट चढ़ा। फिर छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद नक्सलवाद और अपराध दोनो चीजे बढ़ती जा रही है।

अपराध और नक्सलवाद दोनों को एक रिमोर्ट कंट्रोल सरकार कहीं न कहीं से बढ़ावा दे रही है और उसको रोक नहीं पा रही है। कांग्रेस आरोप लगाती है कि इसकी जांच होनी चाहिये कि नक्सली घटनायें क्यों बढ़ रही है। यहां के लोगो को गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी क्यों लिखनी पड़ रही है।

# गौवंश और साधु-संतों की हत्या करवाने का कांग्रेस का पुराना इतिहास : संतोष पाण्डेय

### सांसद पांडेय ने वीडियो-सबूतों से कांग्रेस के गौ-वंश और संत विरोधी चेहरे को किया उजागर

नगर संवाददाता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में गौ वंश की हत्या को लेकर कांग्रेस और भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि गौठान की दलाली खाने वाले, गौ माता का निवाला छीनकर हजारों गौ हत्या की जिम्मेदार भूपेश बघेल घड़ियाली आंसू न बहाएं। हिम्मत है तो भूपेश बघेल जवाब देकर दिखाएं। कोलकाता के मेयर रहे विकास रंजन भट्टाचार्य ने चौराहे पर बीफ पार्टी का आयोजन किया था। सरेआम गो मांस का भक्षण किया गया। विकास को तब इसका पुरस्कार दिया गया था। उसे कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से राज्यसभा भेजा। केरल की कांग्रेस के ही नेता रिजिन मुकुट्टी ने सरेआम चौराहे पर सार्वजनिक रूप से गाय को मीडिया के सामने काटा था तब कहां थे मिस्टर भूपेश बघेल? सांसद पांडेय ने कहा कि मैं याद दिलाना चाहता हूं कि, सन 1966 में गौ वंश हत्या के विरोध में प्रभुदत्त ब्रहमचारी और करपात्री महराज के नेतृत्व में 184 दिन का अनशन हुआ था। जब गौवंश को लेकर जब संत चले थे तो उन पर गोली चलाने के लिए आदेश पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दिया था। इससे साधु-संतों के हुए नरसंहार पर तात्कालीन गृहमंत्री गुजराली लाल नंदा को इस्तीफा देना पड़ा था। कि इसका प्रमाण है कि आर्यवर्त सहित कई अखबारों में उस नरसंहार और गौ हत्या के वर्णन का प्रकाशन। इसलिए भूपेश बघेल पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ऐसी करतूतों को जानकर सोच समझकर बोला करें। कांग्रेस तो शुरू से ही गौ वंश के वध की समर्थक रही हैं।



**करपात्री महराज और संतों ने कांग्रेस को दिया था श्राप : संतोष पांडेय**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गौ वंश की हत्या करने पर करपात्री महराज और संतों ने श्राप देते हुए कहा था, सत्ताधीशा हमने भी संविधान स्वीकार किया है। आपने संतों को मारा है हम संतों के खून को माफ करते हैं, लेकिन आपने गायों को मारा है, जाइए आपका सर्वनाश हो जाए। इसलिए गांधी परिवार में 3 घटनाएं हुई। गोपाष्टमी के दिन ही संजय गांधी की मृत्यु हुई आकाश में और इंदिरा गांधी की आवास में तो राजीव गांधी गांधी की हत्या आंध्र प्रदेश में। ये सब गौ हत्या और साधु-संतों के श्राप का ही नतीजा है। इस पर भूपेश बघेल क्यों नहीं बोलते, यह जान लें कि कांग्रेस का सर्वनाश होना तय है। क्योंकि भूपेश बघेल भी गौ वंश के नाम पर भ्रष्टचार करने से नहीं चूके।

**भूपेश बघेल ने गौठानों की आड़ में करोड़ों का भ्रष्टाचार किया :** संतोष पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने चलबो गोठान, खोलबो पोल अभियान चलाकर राज्य के गाँव-गाँव के गौठानों तक जब पहुँची तब इन गौठानों में भारी अनियमितता देखने मिली। न गाय, न गोबर, न चारा नजर आया। गौठानों में कोई व्यवस्था नहीं मिली। गोठानों की दुर्दशा देखने के बाद यह आईने की तरह साफ नजर आया कि भूपेश बघेल सरकार ने गोबर और चारा घोटाला किया है। भूपेश सरकार ने गौठानों की आड़ में हजारों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया। इसी तरह कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने गाय के गोबर में भी सैकड़ों करोड़ रुपए का घोटाला किया। गोठान के नाम पर भूपेश बघेल ने हर गोठान में भ्रष्टाचार करने के लिए राजीव मितान क्लब के लोगों को वहां की देखरेख का जिम्मा सौंपा था।

# समर कैंप में बच्चों को सायबर क्राइम के बारे में किया गया सचेत

### मोबाइल पर 92 से आने वाले काल रिसीव न करें : सोनाली गुहा

नगर संवाददाता




**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में सायबर एक्सपर्ट सोनाली गुहा और आशीष गुहा ने बच्चों को सायबर क्राईम से बचने के लिए विभिन्न तरीकों से अवगत कराया।

सायबर एक्सपर्ट ने बतलाया कि हमें मोबाईल पर आए दिन जो नौकरी के लिए भर्तियों के विज्ञापन आते हैं, उनका सावधानी से अध्ययन करना चाहिए। प्रायः यह झूठे होते हैं। हैकर लोग इसी बहाने आपकी जानकारी चुराने के लिए ऐसे पोस्ट करते हैं। हैकर से बचने के लिए अपने मोबाईल और लैपटॉप में एंटीवायरस जरूर डाल लें। सोनाली गुहा ने सावधान करते हुए कहा कि जब सार्वजनिक शौचालय या ड्रेसिंग रूम में जाते हैं तो अपने मोबाईल में हिडन कैमरा डिटेक्टर एप को चालू करके चेक कर लें कि कहीं छुपा हुआ कैमरा तो वहां पर नही लगा है। चेक करने के उपरांत ही उस जगह का उपयोग करें। उन्होने लेपटॉप का उपयोग करने वाले बच्चों को सुझाव दिया कि थोड़े दिनों के अन्तराल में पासवर्ड बदलते रहें। इसी तरह लेपटॉप के फ्रन्ट कैमरे में बिन्दी चिपका कर रखें ताकि अवांछित वीडियो काल के स्कैम से बचे रहें। उन्होने बच्चों को बतलाया कि यदि मोबाईल पर 92 सीरियल से कोई फोनकॉल आता है तो उसे अटेण्ड नही करे। आपकी उम्र अठारह वर्ष से कम है तो साईबर क्राईम होने पर चाईल्ड केयर में फोन कर सकते हैं अन्यथा 1930 या 112 पर फोन करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहां आपकी शिकायत सुनी जाएगी घबराना नही चाहिए। इस प्रकार मोबाईल या लैपटॉप का सावधानी पूर्वक उपयोग करके सायबर क्राईम से बच सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक बृजभाल पाण्डेय (मनोज) द्वारा आसमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जय स्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित, एवं सांई मंदिर रोड रायपुरा, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित। मो. नं. 97547-50321, 6265222698
समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार, लेख एवं पत्रकारों के विचार उनके अपने हैं। इसके लिए मुद्रक, सम्पादक, एवं मैनेजमेंट उत्तरदायी नहीं होगा। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र रायपुर रहेगा) Email-bulandmediagroup@gmail.com